तापमान
अधिकतम 12.9 डिग्री
न्यूनतम 9.2 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, बुधवार, 10 जनवरी 2024

11 साधु-संतों की तपस्या से सुख-समृद्धि : देवेंद्र

12 अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना लक्ष्य


## खबर संक्षेप

### युवक ने घर में फंदा लगा कर की आत्महत्या

**गन्नौर।** अनूप नगर में एक 22 वर्षीय युवक का शव अपने घर के फंदे पर लटका मिला। स्वजन ने मामले की सूचना गन्नौर थाना में दी। जानकारी अनुसार अनुप नगर का रहने वाला 22 वर्षीय अभिषेक सोमवार को अपने दोस्तों के साथ था। सोमवार की रात को वह घर लौटा और अपने कमरे में जा कर खुद को फांसी लगा ली। स्वजन के अनुसार उन्हें अभिषेक द्वारा आत्महत्या करने की वजह के बारे में नहीं पता।

### नेशनल स्टाइल कबड्डी प्रतियोगिता 14 को

**गोहाना।** गांव मोई हुड्डा में 14 जनवरी को 5वीं नेशनल स्टाइल कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता गांव में साइपन रोड के पास आयोजित होगी। यह प्रतियोगिता शीतला माता स्पोर्ट्स क्लब मोई हुड्डा द्वारा आयोजित की जाएगी। पहला इनाम 4100 रुपये, दूसरा इनाम 3100 रुपये, तीसरा इनाम 2100 रुपये और चौथा इनाम 1100 रुपये होगा। संरक्षक आनंद हुड्डा और आढ़ती पंडित सुदामा शर्मा मां भवानी टीसी 310 विशेष रूप से शिरकत करेंगे। इंट्री फीस 200 रुपये होगी। खिलाड़ियों का मार्गदर्शन कबड्डी कोच अमित हुड्डा और प्रदीप दीक्षित करेंगे।

### घर के बाहर से ई-रिक्शा चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र की टीकाराम कॉलोनी में घर के बाहर खड़ी ई-रिक्शा के चोरी होने का मामला सामने आया है। गांव वडसू हाल में टीकाराम कॉलोनी निवासी रामकुमार ने बताया कि उसके पास ई-रिक्शा है। जिसे चलाकर वह परिवार का पालन-पोषण करता है। हर रोज की तरह वह अपनी ई-रिक्श को घर के बाहर खड़ी करता है। गत 8 जनवरी को उसने ई-रिक्शा को घर के बाहर खड़ा किया था। अगले दिन उठाकर देखा तो ई-रिक्शा गायब मिला।

### पाइपलाइन की चेकिंग करने गए गार्ड को पीटा

**गोहाना।** आंवली गांव निवासी जयपाल ने पुलिस को बताया कि वह एम.एस. सुखचैन सिंह सिक्योरिटी कंपनी में गार्ड है। वह इंडियन आयल कंपनी की पाइपलाइन को ककाणा गांव के खेतों में चेक कर रहा था। उसी समय वहां रजवाहे पर इको गाड़ी में चार युवक बैठे थे। उन्होंने शराब पी रखी थी। सभी ने उसकी थप्पड़, लात-घूसों से पिटाई शुरू कर दी और जान से मारने की धमकी देकर वहां से चले गए।

### शराब पीने के लिए रुपये नहीं दिए तो किया घायल

**सोनीपत।** कुंडली निवासी महेश ने बताया कि वह अपने मकान में आग शेक रहा था। उसी दौरान दिनेश निवासी यूपी आया। वह शराब पीने के लिए रुपये मांगने लगा। उसे मना करने पर लोहे की नुकीली चीज उठाकर सिर व दाहिने कंधे पर हमला कर घायल कर दिया। उसके पास बैठे प्रदीप व अनुज सिंह को उसने छुड़वाया।

नागरिक अस्पताल में पहुंचे दिल्ली पुलिस के बड़े अधिकारियों सहित अन्य की आंखें रही नम

# लापरवाही के एक ब्रेक ने छीन ली दिल्ली पुलिस के दो होनहार जवानों की जिंदगी

सुनील छिक्कारा ▸▸ सोनीपत

राष्ट्रीय राममार्ग संख्या-44 पर हुए सड़क हादसे का कारण कोहरा या ट्रक चालक की लापरवाही से लगे ब्रेक बताएं जा रहे है। दर्दनाक हादसे ने दिल्ली पुलिस के दो होनहार जवानों की जिंदगी छीन ली। विभाग में तैनात दिल्ली पुलिस के संयुक्त सीपी परमादित्य, डीसीपी उत्तर पश्चिम जितेंद्र मीणा व संध्या सिंह भी नागरिक अस्पताल में पहुंचे। जहां उन्होंने मृतकों के शवों पर श्रद्धासुमन फूलमालाएं अर्पित किए। अस्पताल में पहुंचे परिजनों व दिल्ली पुलिस के जवानों की आंखे नम थी। दोनों पुलिस जवान आदर्श नगर थाने में दर्ज मामले में इनपुट मिलने पर कार में सवार होकर निकले थे। कुंडली बार्डर के पास सड़क हादसे का शिकार हो गए।

### दोनों के ये हैं प्रोफाइल

इंस्पेक्टर रणबीर सिंह स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद वर्ष 2008 में बतौर सब इंस्पेक्टर दिल्ली पुलिस में भर्ती हुए थे। इस दौरान वह यातायात पुलिस, सुरक्षा और उत्तर पश्चिम जिले में तैनात रहे। पुलिसिंग में असाधारण काम के लिए उन्हें सम्मानित भी किया जा चुका था। वहीं इंस्पेक्टर दिनेश बेनीवाल ने जाट हीरोज मेमोरियल स्कूल, रोहतक से 12वीं कक्षा उत्तीर्ण की। इसके बाद उन्होंने बीएससी में प्रवेश लिया और पढ़ाई के दौरान उन्होंने वर्ष 2007 में दिल्ली पुलिस में कांस्टेबल पद के लिए परीक्षा पास की। साल 2008 में स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने दिल्ली पुलिस सब इंस्पेक्टर की परीक्षा पास की और 2009 में दिल्ली पुलिस में सब इंस्पेक्टर के रूप में शामिल हुए। वर्तमान में वह इंस्पेक्टर के पद पर तैनात थे। उनके छोटे भाई भी सीआईएसएफ में इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत है। इंस्पेक्टर दिनेश और इंस्पेक्टर रणबीर चहल दोनों ने ही अपने अपने काम और अपने स्वभाव से पुलिस महकमे के बीच प्यार और प्रतिष्ठा पायी है। इंस्पेक्टर चहल के चेहरे पर हमेशा मुस्कान और चमक रहती थी। वे शांत और स्नेही स्वभाव के साथ साथ समझदार भी कहे जाते थे। इंस्पेक्टर दिनेश बेनीवाल की छवि एक तेज तरार इंपेक्टर की है। इंस्पेक्टर दिनेश बेनीवाल ने अपनी जान पर खेलकर वांटेड क्रिमिनल को गिरफ्तार कर पारी से पहले पदोन्नति हासिल की थी। जिसके बाद सब-इंस्पेक्टर से इंस्पेक्टर बन गए। काम को लेकर दोनों हमेशा संजीदा रहते थे। इसी क्रम में उन्हें रोबेरी के मामले में वे सोनीपत जा रहे थे तो उनका सामना अपराधियों की जगह मौत से हो गया। इन दोनों की मौत पर दिल्ली पुलिस खासकर नॉर्थ वेस्ट जिला पुलिस को गहरा झटका लगा है।


सोनीपत। शवों पर पुष्प अर्पित कर सेल्यूट करते दिल्ली पुलिस के अधिकारी।

#### एक लीड पर कर रहे थे काम : दिल्ली पुलिस

दिल्ली पुलिस के अधिकारी ने बताया कि नॉर्थ वेस्ट जिला के दो इंस्पेक्टर स्टाफ दिनेश बेनीवाल और इंस्पेक्टर रणवीर एक ऑफिशियल इनपुट पर यहां आए हुए थे। जिसको को लेकर उनके पास कोई लीड थी। जिसपर वो काम कर रहे थे। एक सड़क हादसा हुआ जिसमें उनकी कार का ट्रक के साथ एक्सीडेंट हुआ जिसमें दोनों की मौत हो गई। इंस्पेक्टर रणवीर आदर्श नगर थाने में तैनात थे। इंस्पेक्टर दिनेश बेनीवाल स्पेशल स्टाफ नॉर्थ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट में तैनात थे।
- **जितेंद्र सिंह मीणा**, डीसीपी नार्थ जोन, दिल्ली।


सोनीपत। हादसे में क्षतिग्रस्त कार को कब्जे में लेते हुए कुंडली पुलिस।

#### रातभर इंतजार के बाद कार चोर को दबोचा

**सोनीपत।** इंस्पेक्टर दिनेश बेनीवाल ने दिल्ली से कार चोरी के मामले में आरोपी को रातभर इंतजार के बाद पकड़ा था। उनकी टीम को सूचना मिली थी कि क्षेत्र में एक कार लावारिस खड़ी है। मौके पर पहुंचे थे पता लगा था कि कार को करोल बाग से चोरी किया है। वह चाहते को कार को कब्जे में लेकर आ सकते थे, लेकिन उन्होंने रातभर इंतजार किया। सुबह एक अन्य कार सवार दो आरोपी कार लेने आए तो उन्हें पकड़ने का प्रयास किया था। तब पिस्तौल ताने जाने के बाद भी उन्होंने तत्परता दिखाते हुए कुख्यात रिंकू ठाकुर को पकड़ा था। साथ ही उन्होंने तब दिल्ली से चोरी हुए 70 वाहनों को बरामद किया था।

### परिवारों में छाया मातम

नार्थ वेस्ट जिले के थाना आदर्श नगर में तैनात मृतक इंस्पेक्टर रणबीर चहल हरियाणा जींद के निकट नरवाना गांव के रहने वाले है। उनके परिवार में माता पिता का अलावा दो छोटे-छोटे बच्चे है। नार्थ वेस्ट जिले के स्पेशल स्टाफ में तैनात इंस्पेक्टर दिनेश बेनीवाल बहादुरगढ़ के रहने वाले है। इंस्पेक्टर दिनेश भी अपने पीछे माता-पिता और पत्नी के आवला दो छोटे बच्चों को छोड़ गए है। दोनों की उम्र भी 38 के आस पास ही है। दोनों की मौत के बाद दिल्ली पुलिस विभाग के साथ-साथ परिवारों में मातम छा गया। दिल्ली पुलिस के दोनों इंस्पेक्टर देर रात वेन्यू कार में सवार होकर दिल्ली से सोनीपत जा रहे थे। इस दौरान दिनेश बेनीवाल कार को ड्राइव कर रहे थे।

जब उनकी गाड़ी 11 बजे कुंडली के आगे प्याऊ मनियारी के पास पहुंची तो अचानक आगे चल रहे कैंटर के ब्रेक मार दिए। जिससे उनकी कार सीधा केंटर से टकरा गई और बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। बता दें कि हादसे के बाद केंटर चालक फरार हो गया।

### श्रद्धासुमन अर्पित किए

हादसे में दो इंस्पेक्टर की मौत के बाद दिल्ली के संयुक्त सीपी परमादित्य, डीसीपी उत्तर पश्चिम जितेंद्र मीणा व संध्या सिंह भी नागरिक अस्पताल में पहुंचे। उन्होंने यहां दोनों पुलिस इंस्पेक्टर को श्रद्धासुमन अर्पित किए। उसके बाद शवों को परिजनों को सुपुर्द कर दिया। गांव में पहुंचने पर शवों को अंतिम संस्कार कर दिया।

# जटवाड़ा में मुख्य रास्ते का किया उद्घाटन

- जटवाड़ा से बाईपास तक ग्रामीणों को मिली पक्के रास्ते की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

विधायक सुरेंद्र पंवार ने गांव जटवाड़ा से गोहाना रोड़ बाईपास तक लिंक करने वाले मुख्य रास्ते को पक्का करवाने के करीब 27 लाख 43 हजार रुपये की लागत से इंटरलॉक टाइल्स के विकास कार्य का शुभारंभ करवाया। विधायक सुरेंद्र पंवार ने उद्घाटन का कार्य गांव की ही बेटी रेखा राणा के हाथों व क्षेत्रवासियों के साथ मिलकर किया। पंवार ने कहा कि विधायक कोष से पहले ही ऋषि नगर, सिक्का कालोनी, वार्ड-17, कैलाश कालोनी, पटेल नगर, गढी ब्राह्मणान, हनुमान नगर, मोहन नगर, दहिया कालोनी सहित अन्य स्थानों पर करोड़ों रुपये के विकास कार्य करवाए गए हैं। गांव जटवाड़ा से गोहाना रोड़ बाइपास तक यह मुख्य रास्ता काफी समय से कच्चा पड़ा हुआ था, ग्रामीणों ने इस मार्ग के बारे में जैसे ही उन्हें अवगत करवाया था। मौके पर पहुंचकर पक्का करवाने का एस्टीमेंट बनवाया और विधायक कोष से कार्य करवाने की अनुशंसा भेज दी गई थी। नगर निगम द्वारा टेंडर लगाकर कार्य एजेंसी को आवंटित कर दिया गया है। करीब 27 लाख 43 हजार की लागत से मुख्य रास्ते को इंटरलॉक टाइल्स से पक्का करवा दिया जाएगा। इस दौरान पार्षद बिजेंद्र मलिक, राजेंद्र प्रधान, काला नम्बरदार, मनीष सैनी, रेखा राणा, कंवर खत्री, आदि मौजूद रहे।


सोनीपत। विधायक सुरेंद्र पंवार जटवाड़ा में उद्घाटन के दौरान।

### पहले की गाली-गलौज फिर कुत्ते से कटवाया

**सोनीपत।** सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र के हुड्डा पार्क के पास नशे में गाली-गलौच करने व विरोध करने पर कुत्ते से कटवाने के आरोप का मामला सामने आया है। जनता कॉलोनी निवासी योगेश ने बताया कि वह गत 6 जनवरी को किसी काम के लिए हुड्डा पार्क के पास गया था। वह पहले से ही नवीन डागर नाम का युवक नशे की हालत में खड़ा हआ था। उसके साथ गाली-गलौच करने लगा। विरोध करने पर उसके साथ हाथापाई करने लगा। उसी दौरान पालतू कुत्ते को उसकी तरफ खुला छोड़ दिया। कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया। कुत्ते ने उस पर लैफ्ट फेस पर काट लिया। उसकी जेब से मोबाइल फोन, ब्लुटूथ, व पर्स से कागजात सहित करीब छह हजार रुपये की राशि वहीं गिर गई।

# पुलिस को आग पर काबू पाने का प्रशिक्षण दिया

- गणतंत्र दिवस पर सुरक्षा उपायों के उद्देश्य से मॉक ड्रिल के दौरान किया प्रशिक्षित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गोहाना

गणतंत्र दिवस पर सुरक्षा उपायों को मजबूत करने तथा शहर के लोगों को और भी सुरक्षित माहौल देने की तैयारी के साथ थाना सदर गोहाना में मॉक ड्रिल के दौरान पुलिस के जवानों को आग पर नियंत्रण पाने का प्रशिक्षण दिया गया। अग्निशमन विभाग गोहाना टीम तथा स्पेशल आरएएफ पुलिस टीम सोनीपत द्वारा गोहाना में दंगा विरोधी/भीड़ नियंत्रण के लिए बनाई गई विशेष कम्पनी को यह प्रशिक्षण दिया गया।

डीसीपी गोहाना भारती डबास के नेतृत्व में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए गोहाना में विशेष कंपनियों का गठन किया गया है। कंपनी के जवान लाठी डंडा, कैन शील्ड, बॉडी प्रोटेक्टर, टियर गैस, दंगा विरोधी उपकरण और सक्षम आधुनिक हथियार के साथ एक कॉल की तैयारी की पोजीशन में रहेंगे। मॉक ड्रिल के दौरान पुलिस जवानों को आपात स्थिति से निपटने के लिए विभिन्न प्रकार की फोर्मेशन बनाना, भीड़ को नियंत्रण करना, आंसू गैस चलाना तथा अन्य दंगा विरोधी उपकरणों बारे विस्तृत जानकारी दी गई। इस प्रैक्टिकल ट्रेनिंग के दौरान अग्निशमन विभाग गोहाना के सहयोग से थाना सदर गोहाना में ही फायर बिर्गेड की गाड़ी तथा अन्य फायर नियंत्रण उपकरणों की व्यवस्था की गई।


गोहाना। पुलिस के जवानों को आग पर नियंत्रण पाने का प्रशिक्षण देते हुए विशेषज्ञ।

# वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाई




**गोहाना।** पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) गोहाना भारती डबास के निर्देश पर यातायात पुलिस द्वारा मंगलवार को शहर में आंबेडकर चौक में अभियान चलाकर वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी। इसके साथ चालकों को रिफ्लेक्टर टेप लगाने के लिए जागरूक किया। पुलिस ने स्वयं 100 वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाई। यातायात पुलिस के निरीक्षक जोगिंद्र ग्रेवाल ने कहा कि पुलिस ने भारी वाहनों ट्रैक्टर-ट्रालियों पर आगे व पीछे रिफ्लेक्टर टेप लगाई। उन्होंने कहा कि पुलिस इस अभियान को लगातार जारी रखेगी। पुलिस ने वाहन चालकों को यातायात नियमों की पालना करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सावधानी में ही सुरक्षा है। वाहन चालक यातायात नियमों का पालन करते हुए सावधानीपूर्वक वाहनों को चलाए। आने वाले दिनों में कोहरे व धुंध के चलते सडकों पर दृश्यता कम रहेगी। ऐसे में सडकों पर वाहन का प्रयोग करते समय अधिक सावधानी बरतनी होगी।

## ब्लॉक समिति के चेयरमैन ने लाभार्थियों से किया संवाद

**खरखौदा।** हर पात्र व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ दिलवाकर उनकी जिंदगी को खुशहाल बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा गांव बिधलान पहुंची। गांव में पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा यात्रा का जोरदार स्वागत किया गया। यात्रा के अंतर्गत गांव में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे खरखौदा ब्लॉक समिति के चेयरमैन सितेन्द्र दहिया ने केन्द्र व हरियाणा सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से सीधा संवाद करते हुए कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति को खुशहाल बनाकर ही विकसित भारत की नींव को मजबूत किया जा सकता है। इसलिए समाज के अंतिम व्यक्ति को खुशहाल बनाने में विकसित भारत संकल्प यात्रा वरदान साबित हो रही है। सितेन्द्र दहिया ने उपस्थित लाभार्थियों को हमारा संकल्प-विकसित भारत की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम के दौरान चेयरमैन ने गांव की गर्भवती महिलाओं को फल वितरित किए। इस अवसर पर चेयरमैन ने पीएचसी बिधलान के इंचार्ज डॉ. मोहित को सराहनीय कार्य करने पर सम्मानित किया। चेयरमैन ने कार्यक्रम में उज्जवला योजना के तहत गांव बिधलान की निवासी मीनू, शर्मिला, सुरेश, प्रीति को गैस सिलेण्डर तथा गैस चूल्हे वितरित करने के साथ-साथ आयुष्मान भारत योजना के तहत लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड, चिरायु कार्ड तथा प्रोप्टी कार्ड वितरित किए।


खरखौदा। हमारा संकल्प-विकसित भारत की शपथ दिलाते ब्लॉक चेयरमैन।

# सीए की परीक्षा में जिले में भव्य सपरा अव्वल

**सोनीपत।** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की तरफ से नवंबर 2023 में आयोजित इंटरमीडिएट व फाइनल सीए परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। सीए फाइनल में भव्य सपरा ने जिले में पहली रैंक हासिल कर अपने परिवार का नाम रोशन किया है। वहीं सीए अंजलि ने जिले में द्वितीय व सीए आकाश जैन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। आईसीएआई की जिला इकाई के चेयरमैन सीए वरुण वत्स ने बताया कि जिले के 11 युवाओं ने परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सीए बनकर अभिभावकों का नाम रोशन किया है। इसके सथ ही इंटरमीडिएट में कशिश ने जिले में पहला और मुस्कान ने दूसरा स्थान प्राप्त किया है। सीए की परीक्षा उत्तीर्ण करने वालों में तनुज तनेजा, भावुक नागपाल, अभय गुप्ता, शैली गुप्ता, शिखा वशिष्ठ, अनुराग, मोहित मित्तल और ज्योति रापड़िया शामिल रहे। ट्रेजरर सीए विजय लठवाल ने बताया कि कुल मिलकर 84 विद्यार्थियों ने फाइनल की परीक्षा दी थी। जिसमें से 11 सीए बने। इस दौरान सोनीपत ब्रांच की कार्यकारिणी के वाईस चेयरमैन सीए हितेश ढुल, सचिव सीए शुभम गर्ग, सीए राजेश अरोड़ा और गत चेयरमैन सीए अमित कुमार ने सबको बधाई दी।

## डीसीआरयूएसटी में बॉस्केटबॉल प्रतियोगिता जारी

# दक्षिण की 3, उत्तर की 1 टीम सेमीफाइनल में

- प्रतियोगिता का फाइनल आज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता में दक्षिण क्षेत्र की तीन टीमों ने व उत्तर क्षेत्र की एक टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विरोधी टीमों को पराजित करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता का फाइनल बुधवार को खेला गया। दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल में अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता खेली जा रही है। प्रतियोगिता के पहला क्वार्टर फाइनल मैच में एसआरएमआईएसटी, चेन्नई की टीम ने एलपीयू, फगवाड़ा को 84-78 से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दूसरे क्वार्टर फाइनल मैच में जैन विश्वविद्यालय, बेंगलुरु की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एकतरफा मैच में एलएनआईपीई, ग्वालियर को 59-32 से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। तीसरे क्वार्टर फाइनल मैच में उत्तर क्षेत्र की टीम जीएनडीयू, अमृतसर ने हिंदुस्तान विश्वविद्यालय, चेन्नई को 80-76 से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। चौथे क्वार्टर फाइनल में मद्रास विश्वविद्यालय की टीम ने आईटीएम, ग्वालियर को एक तरफा मुकाबले में 76-46 से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

प्रतियोगिता के आयोजक सचिव व विश्वविद्यालय के खेल निदेशक डा. बिरेंद्र सिंह हुड्डा, प्रो. मनोज दूहन, प्रो. सुरेंद्र दहिया, एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटी के आब्जर्वर प्रो. राकेश मलिक, नेशनल कोच जेएन नेहरा, डा. शंकर, डा. मुकंद प्रेम सिंह, धर्मबीर दलाल, सतबीर कलकल, एसडीओ जोगेंद्र आंतिल व जेई कृष्ण कुंडू आदि उपस्थित रहे।


सोनीपत। अंकों के लिये भिड़ते खिलाड़ी।

### टीचर्स संघ ने भाजपा नेता को सौंपा ज्ञापन

**सोनीपत।** विश्वविद्यालयों में असिस्टेंट प्रोफेसर के रिक्त पदों पर स्थाई भर्ती करने से लंबे वर्षों से रिक्त पदों के विरुद्ध वर्कलोड पर काम कर रहे हजारों अनुबंध असिस्टेंट प्रोफेसरों पर छंटनी की तलवार लटक गई है। जिसको लेकर सब असिस्टेंट प्रोफेसर व उनके परिजनों में भारी आक्रोश है। इसी क्रम में प्रदेश महामंत्री मोहनलाल बड़ौली, भाजपा वरिष्ठ नेता ललित बत्रा और उनके मार्फत मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को ज्ञापन दिया गया। विश्वविद्यालयों के अनुबंधित असिस्टेंट प्रोफेसरों के प्रदेश स्तरीय संगठन हरियाणा यूनिवर्सिटीज कॉन्ट्रैक्टचुअल टीचर्स संघ, हरियाणा (हुकटा) का प्रतिनिधिमंडल सांसदों, विधायकों को रोजगार सुरक्षित करवाने की पॉलिसी बनाने के लिए पत्राचार कर चुका है।

# भारोत्तोलन में पायल ने जीता स्वर्ण

- इटानगर में हुई चैंपियनशिप में किया प्रतिभा का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खरखौदा

खांडा रोड स्थित कल्पना चावला विद्यापीठ की भारोत्तोलन अकेडमी की खिलाड़ियों ने इटानगर में आयोजित राष्ट्रीय सीनियर, जूनियर और युवा भारोत्तोलन चैंपियनशिप में पदक जीतकर अकेडमी का नाम रोशन किया है। उक्त प्रतियोगिता 28 दिसंबर से 8 जनवरी तक इटानगर,अरुणाचल प्रदेश में आयोजित की गई थी। जिसका आयोजन भारतीय भारोत्तोलन महासंघ द्वारा किया गया । जिसमें पायल ने 45 कि.ग्रा. युवा में स्वर्ण व ज्योति ने 59 कि.ग्रा. युवा, मंजु ने 71 कि.ग्रा. जूनियर में रजत तथा शीतल ने 81 किलो ग्राम जूनियर में कांस्य पदक जीतकर कल्पना चावला विद्यापीठ की भारोत्तोलन अकेडमी का नाम रोशन किया है। विद्यालय पहुंचने पर सभी खिलाड़ी छात्राओं तथा उनके कोच सत्यवान का स्वागत किया गया। निदेशक धर्मराज खत्री व प्राचार्या उषा वत्स ने छात्राओं को अच्छे खेल प्रदर्शन के लिए शुभकामना दी। उन्होंने कहा कि आदि काल से खेल मानव समाज का हिस्सा रहे हैं। खेलों की महत्ता को कम नहीं आंका जा सकता है। खेलों से न सिर्फ बच्चों में सीखने की क्षमता का विकास होता है, बल्कि युवा व बुजुर्ग लोग भी खेल गतिविधियों में शामिल होकर स्वस्थ और खुशहाल जिंदगी जी सकते हैं। खेलों के माध्यम से न सिर्फ मनुष्य शारीरिक रुप से स्वस्थ रह सकता है, बल्कि अपने मानसिक तनाव को भी दूर करके बीमारियों से दूर रहकर एक स्वस्थ जिंदगी जी सकता है।



खरखौदा। खिलाड़ियों का स्वागत करते स्कूल निदेशक व अन्य।

**खबर संक्षेप**

## सब तहसील कार्यालय से बैंटरियां चोरी

**यमुनानगर।** गांव सलेमपुर निवासी मनीत शर्मा ने बताया कि वह सब तहसील कार्यालय साढौरा में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर नौकरी करता है। पांच जनवरी को वह कार्यालय बंद करके घर चला गया था। सुबह नायब तहसीलदार के रीडर का फोन आया कि तहसील कार्यालय का दरवाजा टूटा पड़ा है।जांच करने पर तहसील कार्यालय से 16 बैंटरियां गायब मिली। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी।

## इंद्र इंटरप्राइजिज फैक्टरी से लाखों के तार चोरी

**यमुनानगर।** जय सिटी जगाधरी निवासी संदीप कुमार ने बताया कि उसकी बाढ़ी माजरा गधौली का माजरा में इंद्र इंटरप्राइजिज के नाम से फैक्टरी है। सात जनवरी की रात को चोरों ने उसके फैक्टरी से बायलर, पैनल, फिल्म फेस ड्रायर, केटल की तारें चोरी कर ली। जिसकी कीमत करीब सात लाख रुपये है।

## नागरिकों को मिल रहा लाभ

**नारायणगढ़।** विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन गांव मुन्नामाजरा तथा बाकरपुर में किया गया। इस अवसर निगरानी समिति के पूर्व चेयरमैन नरेंद्र राणा कुराली ने 2047 तक भारत को पूर्ण 'विकसित और आत्मनिर्भर' राष्ट्र बनाने की शपथ दिलवाई।उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन करते हुए बिचौलियों को खत्म करने का कार्य किया है। सरकार ने सुनिश्चित किया है कि योजनाओं का सीधा लाभ नागरिकों तक पहुंचे।

## कार की टक्कर से युवक की मौत

**पानीपत।** हरिद्वार हाईवे पर कार की टक्कर लगने से 19 वर्षीय मोहित निवासी गांव अबदान नगर हुलानी जिला शामली, उत्तर प्रदेश की मौत हो गई। मोहित के पिता जसबीर की शिकायत पर थाना सनौली खुर्द पुलिस ने अज्ञात कार के चालक पर गैर इरादन हत्या के आरोप में केस दर्ज किया है।

# फौज से रिटायर कैप्टन मेवा सिंह ने पेश की जज्बे की मिसाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र


**कुरुक्षेत्र।** गांव का निरीक्षण करते स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र। फोटो : हरिभूमि

- गांव को बनाया सबसे स्वच्छ, शहर की तर्ज पर गांव में है सीवरेज सिस्टम

कहते हैं कि जब इंसान ठान ले तो सब कुछ कर सकता है। ऐसी ही एक जज्बे और हौसले की मिसाल पेश की है कुरुक्षेत्र के डेरा कुंदनपुर लुखी के निवासी कैप्टन मेवा सिंह ने जिन्होंने अपनी मिट्टी का कर्ज चुकाने के लिए गांव का पूरा हुलिया बदल दिया। एक और जहां ग्रामीणों को विकास कार्यों के लिए सरकार की ओर देखना पड़ता है, लेकिन इन्होंने अपने दम पर गांव को न केवल सबसे साफ सुथरा बनाया बल्कि शहर की तर्ज पर सीवरेज व्यवस्था का निर्माण करके लोगों को बीमारियों की चिंता से भी मुक्त करने का काम किया है।

कैप्टन मेवा सिंह के द्वारा किए गए इन कार्यों की गूंज जब स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र तक पहुंची तो उन्हें भी यह गांव देखने की इच्छा जागृत हुई और मुख्यमंत्री का स्वच्छता संदेश लेकर वह मंगलवार को कैप्टन मेवा सिंह के डेरा कुंदनपुर लुखी में पहुंचे जहां उन्होंने सबसे पहले स्थानीय गुरुघर में शीश नवाया। उसके बाद उन्होंने गुरुद्वारा प्रांगण में ग्रामीणों के साथ गांव पर चर्चा की। इस दौरान उनके साथ जिला परिषद के कार्यकारी अधिकारी अशोक मुंजाल व सरपंच प्रतिनिधि जसविंदर सिंह भी मौजूद रहे। गांव का निरीक्षण करने के दौरान सुभाष चंद्र ने पाया कि गांव में कहीं भी गंदगी का नामोनिशान नहीं था और गांव की तरह नालियां भी यहां नजर नहीं आई। पूरे गांव में सीवरेज सिस्टम को देखकर वे गांव की तारीफ किए बिना नहीं रह सके। उन्होंने कहा कि अगर प्रदेश के सभी लोग ठान लें तो वह भी अपने गांव को शहर जैसा विकसित बना सकते हैं। जरूरत है केवल आगे बढकर एक कदम उठाने की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब स्वच्छ भारत मिशन अभियान शुरू किया तो उस समय किसी को यह पता नहीं था कि यह अभियान एक दिन जन आंदोलन बन जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन एक आमजन का मिशन है इसे गैर सरकारी बनाना ही हमारा मकसद है। कैप्टन मेवा सिंह ने जो कार्य किया है वह औरों के लिए एक उदाहरण है।

### गांव में एक आधुनिक लाइब्रेरी बनाने का सपना

वहीं कैप्टन मेवा सिंह ने बताया कि वे जब गांव में थे तो गंदगी और खुली नालियां देखकर उनका मन करता था कि यहां भी शहर की तरह स्वच्छता और सीवरेज व्यवस्था हो। उन्होंने ठान लिया की वह इसको हरियाणा का एक सबसे सुंदर और स्वच्छ गांव बनाएंगे। बस फिर क्या था उन्होंने गांव के लोगों के साथ मिलकर गांव की तस्वीर को बदलने का काम शुरू कर दिया। बिना किसी सरकारी मदद के उन्होंने गांव में विकास के साथ-साथ लोगों की सोच को भी बदला। आज उनके मेहनत और जज्बे की बदौलत यह गांव कुरुक्षेत्र ही नहीं बल्कि प्रदेश के एक सबसे सुंदर और स्वच्छ गांव के रूप में चमक रहा है। उन्होंने कहा कि अब उनका सपना गांव में एक आधुनिक लाइब्रेरी बनाने का है जहां बच्चे आईएएस और आईपीएस की तैयारी कर सकें। सीईओ जिला परिषद अशोक मुंजाल ने कैप्टन मेवा सिंह के जज्बे की तारीफ करते हुए कहा की गांव में जो भी विकास कार्य बाकी है उन्हें पूरा करने का भरपूर प्रयास करेंगे। उन्होंने यहां पर लाइब्रेरी और स्ट्रीट लाइट के लिए भी प्रस्ताव मांगा है।

### पहले की देश सेवा अब समाज सेवा

डेरा कुंदनपुर लुखी गांव के हर घर से एक फौजी है। कैप्टन मेवा सिंह खुद भी सेना से रिटायर है और अब उनका सपना अपने गांव को शहर की तर्ज पर विकसित करने का है। इसी सपने को लेकर उन्होंने करीब 10 साल पूर्व गांव में सुधार कार्य शुरू किया। सबसे पहले उन्होंने गांव के लोगों को इक_I कर उन्हें स्वच्छता का महत्व बताया और फिर सबको साथ लेकर इस को एक मॉडल विलेज बना डाला। इस डेरे में करीब सवा सौ घर है। यही नहीं कैप्टन मेवा सिंह ने अपनी जमीन देकर गांव में गुरुद्वारा, तालाब, कचरा घर और शमशान भूमि का निर्माण भी कराया है। अब गांव के अधिकतर बच्चे विदेश में सेटल हैं। विदेश से भी गांव के बच्चे आर्थिक मदद करने के लिए तैयार रहते हैं। यही कारण है कि कम जमीन और ना के बराबर बजट होते भी ये गांव प्रदेश में एक मिसाल बन गया है।

# सफाई को लेकर नगर निगम ने अदालत में जमा की रिपोर्ट

## जांच में शिकायत नंबर नौ डिजिट के निकले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- निगम की हरकत पर अदालत नाराज, अब 12 को करना होगा जवाब दाखिल, सफाई को लेकर मुसीबत में फंसे हैं अधिकारी

शहर की सफाई का मुद्दा नगर निगम के अफसरों के गले की फांस बन गया है। इस मामले में बीते रोज निगम की ओर से अदालत में जवाब दायर किया। मगर निगम की ओर से फिर ऐसी हरकत हो गई जिससे अदालत भी नाराज दिखी। निगम ने कोर्ट में जो जवाब दाखिल किया है उसमें कूड़े की शिकायत को लेकर दिए गए मोबाइल नंबर ही गलत पाए गए। दो मोबाइल नंबर दिए गए थे लेकिन दोनों मोबाइल नंबर 9 डिजिट के हैं। ये मोबाइल नंबर 899985446 व 899985447 बताए गए हैं। रिपोर्ट में ये नंबर जानबूझकर तो नहीं दिए गए इस पर अब 12 जनवरी को सुनवाई होगी।

### रिपोर्ट दाखिल करने के निर्देश

नगर निगम के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया था कि कूड़े की शिकायत के संबंध में 9 फरवरी 2023 को शिकायत सेल स्थापित की गई थी। कूड़े की शिकायत के लिए लैंड लाइन, मोबाइल नंबर और ईमेल सार्वजनिक किए हुए हैं। ये भी बताया था कि एजेंसी पर कूड़े की शिकायतों के निपटान न करने की एवज में 7 लाख 20 हजार का जुर्माना भी किया है। निगम के इस जवाब को देखते हुए कोर्ट ने अटैच किए वाहनों को अगले आदेशों तक रिलीज कर दिया था।अब कोर्ट ने निगम से एजेंसी के साथ किए 19 दिसंबर 2022 के अनुबंध के तहत बिंदु 6,8,11 व 12 के अनुपालन के संबंध में रिपोर्ट दाखिल करने के निर्देश दिए हैं। इसमें एजेंसी के डोर-टू-डोर कूड़ा उठाने की प्रक्रिया, कूड़े के सेग्रीगेशन, ट्रांसपोर्टेशन एवं डिस्पोजल के साथ मैन पॉवर, रिर्सोस एवं टेक्नोलॉजी और मशीनों की स्थिति आदि के बिंदुओं पर रिपोर्ट मांगी है।

# कड़ाके की ठंड से छुटी लोगों की कंपकंपी

## बर्फीली शीतलहर के चलने से जन-जीवन हुआ अस्त-व्यस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

पिछले दस दिन से जिले में दिन भर बर्फीली हवाओं के चलने और सुबह के वक्त घना कोहरा छाए रहने के साथ दिन भर आसमान में धुंध के बादल छाए रहने से मौसम में कड़ाके की ठंड का प्रकोप बढ़ने से लोग परेशान हो उठे हैं। कड़ाके की ठंड ने जहां लोगों की कंपकपी छुटा रखी है, वहीं, फसलें भी कोहरे से प्रभावित होने लगी हैं। आलम यह है कि दिन भर लोग अलाव जलाने और गर्म कपड़ों में दुबकने को मजबूर हो गए हैं। वहीं, फसलों कोहरे से बचाने के लिए किसान उनमें सिंचाई और दवाइयों का स्प्रे करने लगे हैं।


**यमुनानगर।** घना कोहरा पड़ने से प्रभावित हुई आलु की फसल। फोटो : हरिभूमि

### दस दिन से नहीं हुए सूर्यदेव के दर्शन

आसमान में दिन भर धुंध के बादल छाए रहने और सुबह के वक्त घना कोहरा छाए रहने की वजह से पिछले दस दिन से जिले में सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए हैं। मंगलवार को लोगों को उम्मीद थी कि सूर्यदेव के दर्शन होंगे और ठंड के कहर से कुछ राहत मिलेगी। मगर दिन भर सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए और आसमान में धुंध के बादल छाए रहने के साथ बर्फीली हवाएं चलने से मौसम में कड़ाके की ठंड बनी रही। सब्जी उत्पादक किसान कृष्ण व मंशा राम का कहना है कि आलू की फसल के पत्ते पाला पड़ने से झूलसने लगे हैं। जिससे फसल की पैदावार कम होने के आसार बन गए हैं।

### निमोनिया, खांसी व जुखाम से पीड़ित होने लगे लोग

मौसम में ठंड बढ़ने से बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग निमोनिया, खांसी व जुखाम आदि बीमारियों से पीड़ित होने लगे हैं। चिकित्सकों ने बच्चों और बुजुर्गों को अधिक ठंड में बाहर नहीं निकलने की सलाह दी है। यदि जरूरी है तो गर्म कपड़े लपेट कर ही बाहर निकलें। इस दौरान पानी को गर्म करके पीएं और ठंडी वस्तुओं के खाने से परहेज करें।

### लोग घरों में दुबकने पर मजबूर

- धुंध के कारण यातायात हुई प्रभवित



**कुरुक्षेत्र।** पिछले कई दिनों से पड़ रही कड़ाके की ठंड से आमजन का जीना मुहाल हो गया है। कई दिनों से लगातार तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। जिससे ठंड लोगों को जमकर परेशान कर रही है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान छह डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मंगलवार को ठंड के साथ धुंध भी रही। इसका सीधा असर यातायात पर देखने को मिला। तेज रफ्तार में दौड़ने वाले वाहन रेंगते हुए नजर आए। सुबह के समय भी वाहन चालक हेड लाइट जलाकर चलते नजर आए। लेकिन धुंध का असर कम होने का नाम नहीं ले रहा था। शहरी क्षेत्र के मुकाबले ग्रामीण क्षेत्र में धुंध का प्रभाव अधिक देखने को मिला। धुंध ने लोगों को जमकर परेशान किया। विशेषज्ञों के अनुसार रबी की फसल को बढ़ने के लिए धुंध व ठंड की आवश्यकता होती है। फिलहाल का मौसम फसलों के अनुकूल है। जिससे कि किसानों के भी चेहरे खिले हुए हैं। ठंड में स्वास्थ्य का भी ध्यान रखने की जरूरत है। नागरिक अस्पताल के सीएमओ डा. सुखबीर सिंह ने ठंडे पेय पदार्थ का सेवन ना करने, हल्का गर्म पानी पीने, पूरी शरीर को कपड़ों से ढकने जैसी सावधानी बरतने की सलाह दी है। पिछले 10 दिन से कड़ाके की ठंड के साथ कोहरा भी पड़ रहा है। सूर्य भी नहीं दिखाई दे रहा है। आकाश में दिनभर बादलवाई बनी रहती है। पूर्व से चली ठंडी हवा से से जनजीवन पर काफी असर पड़ा। लोग घरों में दुबकने पर मजबूर रहे।

# प्रताड़ना से तंग आकर महिला ने निगली जहरीली दवाई, मौत

- पीड़ति महिला की शिकायत पर 5 के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

उपमंडल के गांव बाखली में रहने वाली महिला से मारपीट कर उसे कमरे में बंद रखने से क्षुब्ध महिला द्वारा कोई जहरीली दवाई पी लेने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने इस संदर्भ में पीड़ित महिला की शिकायत पर उसके परिवार के 5 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इसकी वस्तिृत जानकारी देते हुए केस के आई.ओ.ए.एस.आई.सतीश कुमार ने बताया कि गत दिवस उन्हें सूचना मिली थी कि गांव बाखली निवासी महिला नन्ही देवी ने परिजनों की प्रताड़ना से तंग आकर कोई जहरीली दवाई पी ली है। जिसे पिहोवा के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जहां पर उसकी नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे कैथल के एक निजी अस्पताल में रेफर कर दिया था। सूचना मिलते ही वे मौके पर पहुंचे और ड्यूटी मजिस्ट्रेट के समक्ष पीड़ित महिला के बयान कलमबद्ध करवाए। जिसमे महिला ने कहा कि उसके परिजनों ने उसे घर के अंदर नहीं घुसने दिया। इतना ही नहीं उन्होंने सड़क पर ही उससे बुरी तरह से मारपीट की और उसे कमरे में बंद कर दिया, ताकि व भाग न सके। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पीड़ित महिला की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया हैं।

### उपचार के दौरान हुई मौत

*इस बारे बात करने पर केस के आई.ओ.ए.एस.आई. सतीश कुमार ने बताया कि पीड़ति महिला की आज उपचार के दौरान मौत हो गई है। उन्होंने शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद उसे परिजनों के हवाले सौंप दिया है। जल्द ही आरोपी लोगों को काबू कर लिया जाएगा।*

# यूपी में चल रहे भ्रूणलिंग जांच के खेल का पर्दाफाश

- स्वास्थ्य विभाग की टीम ने दलाल पकडा, दलाल ने भ्रूण की जांच कराना स्वीकारा, पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की

**पानीपत।** पानीपत की स्वास्थ्य विभाग की टीम ने यूपी में अवैध तरीके से चल रहे भ्रूण लिंग जांच के खेल का पर्दाफाशकिया है। टीम ने पानीपत के राणा माजरा निवासी दलाल को ट्रैप लगाकर पकड़ा है। उसके कब्जे से उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर के एक निजी अस्पताल की अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट जब्त की गई। वहीं, सनौली थाना पुलिस को दी शिकायत में पीएनडीटी नोडल ऑफिसर डॉ. पवन कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग को सूचना मिली थी कि पानीपत जिला और इसके आस-पास के क्षेत्रों में अवैध रूप से भ्रूण लिंग जांच किया एवं करवाया जा रहा है। गर्भवती महिलाओं को जांच के लिए यूपी में ले जाया जाता है। इससे पानीपत का लिंगानुपात प्रभावित हो रहा है। गुप्त सूचना के आधार पर भ्रूण लिंग जांच के लिए सूचना देने वाले के माध्यम से दलाल अमजद निवासी राणा माजरा से 20 हजार में सौदा तय हुआ। पांच जनवरी को टीम का गठन किया गया। इसके बाद 12 सप्ताह की एक गर्भवती महिला से टीम ने संपर्क किया। उसकी सहमति पर 8 जनवरी को सूचना देने वाले माध्यम से अमजद से संपर्क किया गया। अमजद, गर्भवती महिला को अपनी गाड़ी में बैठा कर यूपी के मुजफ्फरनगर ले गया। टीम ने उसका यहां तक पीछा किया। लेकिन यहां जाम में गाड़ी फंसने की वजह अमजद की गाड़ी टीम की आंखों से ओझल हो गई। महिला से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन संपर्क नहीं हो सका। काफी इंतजार के बाद पता लगा कि लिंग जांच करवाने के बाद वे वापस पानीपत की ओर रवाना हो चुके हैं। टीम ने सनौली नाका पर आपसी तालमेल के जरिए अमजद की गाड़ी को रूकवाया। जहां से टीम ने अमजद के कब्जे से वशिष्ठ अस्पताल मुजफ्फरनगर की अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट ली। दलाल अमजद को भ्रूण लिंग जांच के बारे में पूछा गया तो उसने स्वीकार किया कि उसने खुद महिला को उसके गर्भ में पल रहे भ्रूण का लिंग लड़की बताया है। वहीं पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

# पानीपतः बबैल में नवदंपती की संदिग्ध हालत में मौत

**पानीपत।** पानीपत के गांव बबैल में नवविवाहित 24 वर्षीय गुरमीत व इसकी 22 वर्षीय पत्नी तन्नू की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। दोनों सोमवार की रात को अपने कमरे में सोए थे। मंगलवार की सुबह दोनों कमरे में मृत मिले। वहीं परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना ही गांव की शमशान भूमि में गुरमीत व तन्नू की अंत्येष्टि की दी। पुलिस की जांच में पता चला कि गत वर्ष 21 नवंबर को गुरमीत निवासी गांव बबैल का विवाह तन्नू निवासी गांव रामनगर जिला पानीपत के साथ हुआ था। परिजनों व मायके वालों का दावा है कि दोनों का दांपत्य जीवन पूरी तरह से सुखी था। वहीं गुरमीत के पिता कृष्ण का निधन हो गया था और सोमवार को उनकी तेहरवीं थी। रिश्तेदारों के जाने के बाद गुरमीत व उसकी पत्नी तन्नू अपने कमरे में सोने चले गए, जबकि अन्य परिजन भी सो गए। मंगलवार की सुबह जब गुरमीत व तन्नू कमरे से बाहर नहीं निकले तो परिजनों ने दरबाजा खटखटाया, लेकिन अंदर कोई हलचल नहीं थी, अनहोनी की आशंका के चलते परिजनों ने दरबाजा तोड दिया, बैड पर गुरमीत व तन्नू मृत हालत में पडे मिले। इधर, गांव के सरपंच विक्की का दावा है कि सर्दी अधिक होने के चलते गुरमीत व तन्नू ने अपने कमरे में अंगीठी जला रखी थी और कमरे में हवा की क्रासिंग नहीं होने के चलते दोनों की दम घुटने से मौत हो गई।

# आरोपियों से कार, देसी पिस्टल, दो जिंदा कारतूस, दो तलवारें बरामद

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने लूट व चोरी करने वाले गिरोह के चार आरोपियों साहिल पुत्र राजा निवासी डालमवाला जीन्द, अर्जुन पुत्र अमित निवासी महावीर कॉलोनी हिसार, रिंकू पुत्र बलमत निवासी सेरडा हिसार व भोलू पुत्र कुवर निवासी खरबला हिसार को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों से लूट की दो व वाहनों से बैटरी चोरी की 17 वारदातों का खुलासा हुआ। आरोपी पीछले डेढ़ साल से वारदातों को अंजाम देने में सक्रिय थे। पुलिस ने आरोपियों से वारदात में प्रयुक्त 1 बलेनो कार, 1 देसी पिस्टल, 2 जिंदा रौंद व 2 तलवार बरामद की है। सीआईए वन प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक ने मंगलवार को सीआईए वन स्टाफ में प्रेसवार्ता में उपरोक्त जानकारी देते हुए बताया कि गिरोह का सरगना आरोपी साहिल है। आरोपी साहिल व रिंकू का पहले भी आपराधिक रिकार्ड होना पाया गया है।

**व्हाट्सएप नंबर जारी कर बेसहारा पशुओं का फोटो व लोकेशन भेजने के लिए लोगों से की अपील**

# शहर में घूम रहे बेसहारा पशुओं को पकड़ने के लिए हरकत में आया नगर निगम

## सड़कों पर घूम रहे बेसहारा पशुओं के कारण हर दिन हो रहे हादसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर


यमुनानगर के निगम कार्यालय में गोशाला प्रबंधकों व अधिकारियों की बैठक लेते निगम आयुक्त आयुष सिन्हा।

शहर में घुम रहे बेसहारा पशुओं को पकड़ने के लिए नगर निगम हरकत में आया है। नगर निगम अधिकारियों ने व्हाट्सएप नंबर जारी कर लोगों को बेसहारा पशुओं को फोटो व लोकेशन भेजने कि अपील की है। शहर में घुम रहे आवारा पशुओं के कारण हर दिन हादसे हो रहे है। शहरवासी निगम अधिकारियों से आवारा पशुओं को पकड़ने के लिए कईं बार अपील कर चुके हैं।

मंगलवार को नगर निगम आयुक्त आयुष सिन्हा ने गोशाला प्रबंधकों व पशुपालन विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक के दौरान निगम आयुक्त आयुष सिन्हा ने गोशाला प्रबंधकों को निर्देश दिए कि निगम द्वारा पकड़कर गोशालाओं में छोड़े जा रहे बेसहारा पशुओं की देखरेख सही तरीके से हो। उन्होंने दोनों सीएसआई व पशुपालन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर में घूम रहे बेसहारा पशुओं को पकड़ने के साथ टैग लगाना सुनिश्चित करें। ताकि उनकी अलग पहचान हो और गोशाला प्रबंधन उन्हें दोबारा न छोड़ सके। सिन्हा ने कहा कि शहर में घूम रहे बेसहारा गोवंशों को पकड़ने के लिए नगर निगम ने अभियान चलाया हुआ है। नगर निगम क्षेत्र में घूम रहे बेसहारा गोवंशों को पकड़कर गोशालाओं में छोड़ा जा रहा है। चारे के लिए नगर निगम द्वारा गोशाला संचालकों को प्रतिदिन 30 रुपये प्रति पशु के हिसाब से खर्च दिया जाता है। ताकि गोशाला में इन पशुओं के लिए चारे की समस्या न हो। यह कार्य कर नगर निगम बेसहारा पशुओं को सहारा देने का काम कर रहा है। बीते दो माह में नगर निगम द्वारा काफी संख्या में शहर में घूम रहे बेसहारा पशुओं को पकड़कर गोशाला पहुंचाया है। जब तक शहर बेसहारा पशुओं से मुक्त नहीं हो जाता, यह अभियान जारी रहेगा। शहर को बेसहारा पशुओं से मुक्त बनाने के लिए शहरवासी भी सहयोग करें। नगर निगम क्षेत्र में यदि किसी को कोई बेसहारा पशु घूमता दिखाई दे तो उसकी फोटो खींचकर लोकेशन या पते के साथ नगर निगम के व्हाट्सएप नंबर 7082410524 पर भेजे।

### दुधारू पशु खुले में छोड़ा तो होगा 5100 रुपये जुर्माना

निगम आयुक्त आयुष सिन्हा ने कहा कि कुछ लोग अपने पशुओं को खुले में छोड़ देते है। इनमें दुधारू पशु भी होते है। अब यदि किसी ने भी अपने पशुओं को खुले में छोड़ा तो उसपर जुर्माना लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि यदि किसी ने अपने पशु को शहर में खुले में छोड़ा और उस पशु को नगर निगम द्वारा पकड़कर गोशाला में पहुंचा दिया तो उसे छुड़ाने के लिए 5100 रुपये जुर्माना। इसके अलावा जितने दिन वह पशु गोशाला में रहेगा। प्रतिदिन 300 रुपये के हिसाब से पशु मालिक को देना पड़ेगा। निगमायुक्त ने आमजन से अपील की कि वह अपने पशुओं को खुले में न छोड़े। इसके साथ उन्होंने निगम द्वारा पकड़े जा रहे पशुओं को भी टैग लगाने के पशुपालन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए।

# पटवारियों की हड़ताल बनी मुसीबत

## 300 से ज्यादा इंतकालों का लगा अंबार, कई तरह के काम पेंडिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- हड़ताल की वजह से रोज लोगों को तहसीलों में खाने पड़ रहे हैं धक्के
- सरकार को राजस्व की हानि हो रही
- पुराना रिकॉर्ड चेक करवाने के लिए आने वाले लोग भी परेशान

पटवारियों व कानूनगो की हड़ताल के कारण हालात बिगड़ रहे हैं। लोगों को इंतकाल की नकल, बैंक लोन के लिए 15 साल का रिकॉर्ड न मिलने और जमाबंदी पर पटवारी के हस्ताक्षर न होने से रजिस्ट्री तक नहीं हो पा रही। हड़ताल के कारण रजिस्ट्रियां होने की दर एक तिहाई रह गई है। इसके कारण सरकार को राजस्व की हानि हो रही है। 1 फरवरी से गिरदावरी भी शुरू होनी है। अगर हड़ताल जारी रही तो गिरदावरी भी बाधित हो सकती है। जिससे किसानों को फसल बेचने में भी परेशानी होगी। किसान राजपाल और मदन लाल ने बताया कि वह प्लास्टिक की तिरपाल लगाकर सब्जी की खेती करते हैं। फसल का पंजीकरण करवाया हुआ है। अब कृषि विभाग से सब्सिडी लेने के लिए पटवारी से वेरिफिकेशन करानी है। पटवारी रिपोर्ट देगा तो सब्सिडी मिलेगी। उन्होंने बताया कि वह हर रोज इस उम्मीद पर तहसील कार्यालय आते हैं कि शायद पटवारी मिल जाए लेकिन कमरे पर ताला लटका है।

पटवारियों व कानूनगो की खाली कुर्सी से काम ठप जमाबंदी पर हस्ताक्षर न होने से नहीं हो रही रजिस्ट्री 70 साल के बुजुर्ग बलबीर सिंह ने डेरा मौजा में 7 मरले जमीन पंचकूला के विक्रम सिंह को बेची हुई है। बुजुर्ग ने पैसे भी वसूल कर लिए। रजिस्ट्री लिखी जा चुकी है, लेकिन जमाबंदी पर पटवारी के हस्ताक्षर नहीं हुए। इसके कारण रजिस्ट्री नहीं हो सकी। पटवारियों के हड़ताल पर जाने की वजह से बहुत से सरकारी काम रुके हुए हैं। पटवारियों व कानूनगो की कुर्सी खाली होने से जिले में करीब 300 इंतकाल पेंडिंग पड़े हैं। रिहायशी प्रमाण पत्र के लिए हर रोज जिले के पटवारियों के पास करीब लोग पहुंचते रहे। लोन अपडेट के लिए करीब लोग धक्के खा रहे हैं। फर्द की कॉपी निकलवाने के लिए अब लोग मुसीबत में हैं। पुराना रिकॉर्ड चेक करवाने के लिए आने वाले लोग भी परेशान हैं। तहसील में सीमांकन, नामांतरण, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, बंटवारा, नामांतरण, जमाबंदी सत्यापित, नकल सत्यापित, इंतकाल, गिरदावरी, फील्ड बुक, मौका तस्दीक, रिकॉर्ड में लोन चढ़ाने और उतारने का कार्य पटवारी कराते हैं।

## खबर संक्षेप

### बच्चों को वितरित की कापियां, पेन-जुराबें

**सोनीपत।** इनरव्हील क्लब स्वर्ण सोनीपत ने मंगलवार को झुग्गी झोपड़ी के बच्चों को कॉपियां, पेन, जुराबे व लोहड़ी का प्रसाद वितरित किया। बच्चों ने नाच गाकर सदस्यों के साथ लोहड़ी के गीत गा कर मनोरंजन किया। इस मौके पर क्लब के प्रधान नीतू दहिया, उपप्रधान उषा भंडारी, मंजू छिक्कारा, निर्मल शर्मा, बिंदु शर्मा, वंदना ने बच्चों को मेहनत कर जीवन को सफल और सार्थक करने की प्रेरणा दी।

### बुराई-अंधविश्वास के प्रति किया जागरूक

**सोनीपत।** महावीर प्रसाद जैन रावमावि शहजादपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के पांचवें दिन मुख्य अतिथि राजकीय कन्या महाविद्यालय से असिस्टेंट प्रोफेसर सुभाष रहे। समाज में फैले बुराई अंधविश्वास, जातिवाद, युवाओं में फैल रहे नशे के बारे में बताया व नशा मुक्त भारत में युवाओं का योगदान के बारे में बताया।

### सड़क पर जलभराव से दुकानदार परेशान

**खरखौदा।** शहर के रोहतक मार्ग पर जमा दूषित पानी से परेशान स्थानीय निवासियों ने रोष जताया है और पानी निकासी की मांग की है। जलभराव से दुकानदार भी पिछले 6 महीने से परेशानी का सामना कर रहे हैं। नगरपालिका व स्थानीय प्रशासन को समस्या से अवगत कराया जा चुका है इसके बावजूद इसका समाधान नहीं हुआ है। प्रीतम खोखर ने भरोसा दिलाया है कि इस समस्या का समाधान जल्दी उनकी प्राथमिकता होगी।

### पालिसी बना रोजगार सुरक्षित करे सरकार

**गोहाना।** हरियाणा यूनिवर्सिटीज कांट्रेक्चुअल टीचर्स संघ हरियाणा ने राज्य सरकार से मांग की कि प्रदेश के विश्वविद्यालयों में कार्यरत अस्थायी असिस्टेंट प्रोफेसरों के लिए सरकार पालिसी बनाकर उनका रोजगार सुरक्षित करे। ये असिस्टेंट प्रोफेसर रिक्त पदों पर लंबे समय से काम कर रहे हैं। अब स्थायी भर्ती की प्रक्रिया से उन पर छंटनी की तलवार लटक गई है।

### 100वें दिन में प्रवेश कर गया आमरण अनशन

**सोनीपत।** दलित एक्ट और आरक्षण की मौजूदा व्यवस्था को खत्म करवाने की मांग को लेकर राष्ट्रीय जातिगत आरक्षण विरोधी पार्टी के महासचिव रविन्द्र जठेड़ी का आमरण-अनशन लघु सचिवालय, परिसर में मंगलवार को 100 वें दिन भी जारी रहा। अनशनरत रविन्द्र जठेड़ी ने बुलंद हौसले से कहा कि केंद्र सरकार द्वारा मांगों पर उचित अमल कार्यवाही किए जाने अथवा अंतिम सांस तक आमरण-अनशन जारी रखते हुए आवाज बुलंद रखेंगे।

### धूमधाम से मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस समारोह

**गन्नौर।** उपमंडल परिसर स्थित अपने कार्यालय में एसडीएम निर्मल नागर ने गणतंत्र दिवस को लेकर अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक ली। इसमें समारोह की तैयारी को लेकर विचार विमर्श किया गया। साथ ही बिजली, पानी, सफाई आदि से संबंधित काम विभागीय अधिकारियों को सौंपा गया। एसडीएम निर्मल नागर ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमारा राष्ट्रीय पर्व है। इसकी तैयारी में कोई कसर नहीं होनी चाहिए।

## सर छोटूराम की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की

# दीनबंधु छोटू राम थे अखंड भारत के समर्थकः कुलपति

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

### चौधरी छोटूराम ने मुस्लिम लीग को उभरने नहीं दिया

दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने कहा कि दीनबंधु छोटू राम अखंड भारत के समर्थक थे। वे नहीं चाहते थे कि देश का बंटवारा हो। उन्होंने कहा कि दीनबंधु छोटू राम ने संयुक्त पंजाब में जिन्ना के पैर जमने नहीं दिए थे। कुलपति प्रो. सिंह ने दीनबंधु छोटू राम की पुण्यतिथि पर विश्वविद्यालय के प्रांगण में स्थित दीनबंधु छोटू राम की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करके भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कुलपति प्रो. सिंह ने कहा कि चौ. छोटू राम ने कहा था कि जिन्ना निर्माता न होकर विनाशक थे। जिन्ना बनाने वाले नहीं, बल्कि बिगाड़ने वाले थे। जिन्ना एक साथ लेकर चलने वालों में नहीं, बल्कि विभाजित करने वालों में थे। जब तक चौ.छोटू राम जीवित रहे ,उन्होंने मुस्लिम लीग को उभरने नहीं दिया। छोटू राम का मानना था कि देश एक रहेगा तो मजबूत रहेगा। पर इलैक्ट्रिकल विभागाध्यक्ष प्रो. सुरेंद्र दहिया, खेल निदेशक डा. बिरेंद्र सिंह हुड्डा, कुलपति कार्यालय अधीक्षक दिनेश दहिया, डा. प्रवेश गहलोत, दिलबाग डागर व रोहतास दहिया आदि उपस्थित रहे।



दीनबंधु छोटूराम को नमन करते कुलपति।



प्रतिमा पर माल्यार्पण करते डा. संतराम।

### दीनबंधु सर छोटूराम को पुण्यतिथि पर किया नमन

**सोनीपत।** दीनबंधु छोटूराम की पुण्यतिथि पर वरिष्ठ साहित्यकार डा. सन्तराम देशवाल ने गोहाना रोड, सोनीपत की छोटूराम धर्मशाला में स्थित दीनबंधु छोटूराम की प्रतिमा और छोटूराम चौंक स्थित दीनबंधु छोटूराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। डा. संतराम देशवाल ने कहा कि सर छोटू राम ने कड़े संघर्ष जीवन व्यतीत करते हुए सामाजिक भलाई व गरीब किसान के हितों के लिए अपना पूरा जीवन लगा दिया। उन्होंने साहूकार पंजीकरण एक्ट 1934 पास करवाया। इसके अनुसार कोई भी साहूकार बिना पंजीकरण के किसी को कर्ज नहीं दे पाएगा और ना ही किसानों पर अदालत में मुकदमा कर पाएगा। देशवाल ने कहा कि गिरवी जमीनों की मुफ्त वापसी एक्ट 1938 के अनुसार आठ जून 1901 के बाद एक कुर्की से बची हुई तथा 37 वर्षों से गिरवी चली आ रही जमीन किसानों को वापस दिलवाई थी। कृषि उत्पादन मंडी अधिनियम 1938 अधिनियम 1939 से प्रभावित माना गया। इसके तहत नोटिफाइड एरिया में मार्केट कमेटी का गठन किया गया।



सोनीपत। दीनबंधु छोटूराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते समिति के पदाधिकारी।

### शोषित व गरीबों के कल्याण के लिए दीनबंधु छोटू राम ने किया जीवन समर्पित : प्रो बंसीलाल कुंडू

**सोनीपत।** दीनबंधु छोटू राम युवा सेवा समिति के अध्यक्ष प्रोफेसर बंसीलाल कुंडू ने कहा दीनबंधु छोटू राम ने किसान गरीबों एवं दोस्तों के कल्याण के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया वह एक महान क्रांतिकारी एवं समाज सुधारक थे। उन्होंने कहा कि दीनबंधु छोटू राम ने शिक्षा पर विशेष जोर दिया, उनका मानना था कि शिक्षा के माध्यम से ही हमारे राष्ट्र एवं समाज का कल्याण हो सकता है। प्रोफेसर बंसीलाल कुंडू ने समिति के अन्य सादस्यों के साथ दीनबंधु छोटू राम की पुण्यतिथि पर छोटू राम चौक पर उनकी प्रतिमा पुष्प माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि दीनबंधु छोटू राम को किसानों गरीबों एवं शोषित के हितेषी के तौर पर सदैव याद रखा जाएगा। इस मौके पर पूर्व पार्षद सुनील दलाल, चौधरी चांद राम दहिया, कृष्ण काला भटगांव, बिजेंद्र, सरदार जसवंत सिंह, कृष्ण सैनी, बलबीर सिंह मलिक आदि मौजूद रहे।

### किसान मसीहा थे दीनबंधु छोटूराम : शुभम नैन

**सोनीपत।** छात्र संगठन इनसो के कार्यकर्ताओं ने दीनबंधु छोटूराम विश्वविद्यालय मुरथल में स्थित दीनबंधु छोटूराम की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर दीनबंधु छोटूराम की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर इनसो छात्र नेता शुभम नैन ने कहा कि दीनबंधु छोटूराम एक सच्चे किसान मसीहा थे। वो सदैव कहते थे कि अपने की पहचान करो व बोलना सीखों। दीनबंधु छोटूराम ने अनेको ऐसे काम काम किए जिससे किसानों का जीवन आसान बना। शुभम नैन ने कहा कि अपनी मृत्यु से पूर्व एक दिन पहले ही किसानों को भाखड़ा नांगल बांध की सौगात भी दीनबंधु छोटूराम ने दी थी।



गन्नौर। गांव के सरपंच अंकित त्यागी एसडीएम निर्मल नगर को ज्ञापन देते हुए ।

# गांव टेहा के ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

- गांव में सुविधाएं मुहैया करवा कर निर्माण कार्य शुरू करवाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गन्नौर

गांव टेहा के ग्रामीणों ने सरपंच के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय मण्डी के निर्माण कार्य के कारण आ रही परेशानियों के समाधान को लेकर एसडीएम निर्मल नगर को सरपंच के नेतृत्व में ग्रामीणों ने ज्ञापन दिया और समस्याओं के समाधान की मांग की। सरपंच अंकित त्यागी के नेतृत्व में दिए ज्ञापन में ग्रामीणों में प्रशासन से मांग करते बताया कि ज्ञापन में प्रदूषण के कारण बीमारियो का फैलना व मृत्यू दर बढ़ना, शमशान घाट को खुर्द-बुर्द करने के कारण ग्रामीण परेशान है । ज्ञापन में ग्राम पंचायत ने बताया कि हमारे गांव के हालात दिन-प्रतिदिन बिगड़ते जा रहे है। हमारे घरो के चारो ओर 12 से 15 एकड़ जमीन में गाँव व शहर का सारा गन्दा पानी जमा होने के कारण डेंगू, मलेरिया और अन्य बीमारिया फैल रही है और जिनके कारण मौते भी हो चुकी है।

### कई बार लगा चुके गुहार

ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान को लेकर अंतर्राष्ट्रीय मण्डी के अधिकारियों व निर्माण कर रही कंपनी के अधिकारियों से सब्जी मंडी में कई बार गुहार लगा चुके है लेकिन हमारी कोई समस्या का समाधान नहीं हो रहा है । गांव के मानवीय अधिकारों का हनन हो रहा है। अंतर्राष्ट्रीय मण्डी में बड़े स्तर पर रोड़ी, बदरपुर, रेत और मिट्टी की खुदाई की जा रही है जिससे यहाँ रहने वाले घरो के चारो तरफ धूल, मिट्टी उड़ता रहता है, इससे लोगो मे दमा, खाँसी व साँस की बीमारिया फैल रही है। ज्ञापन में बताया कि ग्राम पंचायत की तरफ से पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट में डाली गई अपील को लेकर सटे भी दिया गया है । उसके बावजूद भी लोगो के स्वास्थय के साथ खिलवाड किया जा रहा है। जो मूलभूत सुविधाए गाँव के लोगो को देनी चाहिए उनको नजर अंदाज करके मंडी को बनाने वाली कम्पनी और मंडी के अधिकारी मनमानी ढंग से कार्य कर रहे हैं। मंडी के अधिकारियो के द्वारा सबसे घिनोना काम तो शमशान घाट के रास्ते को खोदकर तथा उखाड़कर किया गया है। इनके द्वारा गाँव के सभी जोहड़ो और तालाबो में आने वाले पानी को बंद कर दिया गया है। ज्ञापन में पंचायत व ग्रामीणों ने मांग की है कि जब तक उनके गांव से संबंधित जनहित समस्याओं का समाधान नहीं होता तब तक मंडी में शुरू किया गया निर्माण कार्य रोका जाए।

### हिंदी विश्व की दूसरी सबसे लोकप्रिय भाषा

**खरखौदा।** कन्या महाविद्यालय में हिंदी विभाग द्वारा कार्यवाहक प्राचार्य डॉ सीमांत की अध्यक्षता में विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन विभाग प्रभारी डॉ प्रमिला व डॉ विजयदीप सिंह के नेतृत्व में किया गया। डॉ प्रमिला ने बताया कि प्रतिवर्ष 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस का आयोजन सभी शिक्षण संस्थानों में विविध रूपों में किया जाता है। हिंदी प्रेमी अन्य संस्थाएं भी हिंदी की बढ़ती लोकप्रियता को प्रकट करते हुए विभिन्न आयोजन जैसे कविता पाठ ,भाषण प्रतियोगिता, प्रदर्शनी आदि का आयोजन करते हैं। उन्होंने बताया कि आज हिंदी केवल साहित्यिक हिंदी ही नहीं है, अपितु प्रयोजन मूलक हिंदी के रूप में प्रसिद्ध होकर कंप्यूटर और इंटरनेट की भाषा भी बन गई है। हिंदी को बढ़ावा देने में फिल्म उद्योग, प्रवासी साहित्य की अहम भूमिका है। डॉ विजयदीप ने छात्राओं के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के छोटे-छोटे प्रयासों में भागीदारी करके छात्राएं अपने कौशल विकास के साथ-साथ अपने व्यक्तित्व का विकास भी करती है। इस प्रतियोगिता में बीए प्रथम, द्वितीय और तृतीय वर्ष की 20 छात्राओं ने हिस्सा लिया।



स्वयंसेवकों को नशे के दुष्परिणामों बारे जागरूक करते एमडी सुनील शर्मा।

### स्वयंसेवकों को नशे के दुष्प्रभाव से अवगत करवाया

**गोहाना।** शहर में गुढ़ा रोड स्थित जवाहरलाल नेहरू वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रहे एनएसएस शिविर के 5वें दिन स्वयंसेवक और स्वयंसेविकाओं को नशे के प्रति जागरूक किया गया। मार्गदर्शन स्कूल की प्रबंधक कृष्णा देवी का रहा। यह कार्यक्रम नशा मुक्त भारत में युवाओं की भूमिका विषय पर आधारित रहा। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ सचिन शर्मा ने किया। मुख्य वक्ता विद्यालय के एमडी सुनील शर्मा ने कहा कि आज युवा पीढ़ी में बढ़ती नशे की लत चिंता का विषय है। नशा मानव के शरीर को लकड़ी में लगे दीमक की तरह खोखला कर देता है । नशे से युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर भी बहुत बुरा प्रभाव पड़ता है, जिसके कारण उन्हें तनाव, अवसाद, सिरदर्द या माइग्रेन जैसी मानसिक समस्याएं होने लगती हैं। नशा मस्तिष्क को इतनी बुरी तरह से प्रभावित करता है, जिससे व्यक्ति नशा नहीं मिलने पर अपने आप को नुकसान भी पहुंचा सकता है।

### फास्ट फूड न खाने, नशा न करने की शपथ दिलाई

**सोनीपत।** राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत सोनीपत जिले के गांव अकबरपुर बारोटा में चल रहे कैम्प में मंगलवार को स्वयंसेवक और स्वयंसेविकाओं को लक्ष्य स्वस्थ सोनीपत समिति सदस्यों द्वारा योगाभ्यास करवाया गया। समिति के प्रधान, सूर्यनमस्कार के वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर लक्ष्मीनारायण ने बताया कि नियमित योगाभ्यास करने से शारीरिक पुष्टता में वृद्धि होने के कारण अनेक रोगों से बचा जा सकता है। ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, भस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोमविलोम आदि प्राणायामों का अभ्यास करवाते बताया कि ताड़ासन से कद में वृद्धि होती है। वहीं वृक्षासन के अभ्यास से एकाग्रता में वृद्धि होती है। त्रिकोणासन से पैरों की मांसपेशियों के विकारों से मुक्ति मिलती है, परिणामस्वरूप शरीर स्वस्थ,निरोगी रहता है। प्राणायामों के नियमित अभ्यास से मानसिक,शारीरिक व आध्यात्मिक विकारों से मुक्ति भी मिलती है। कार्यकारिणी सदस्य सतवीर गौतम ने स्वयंसेवकों को संतुलित आहार के सेवन के बारे में बताकर उनको फास्ट फूड न खाने, नशा न करने की शपथ भी दिलवाई।



सोनीपत। शिविर के दौरान योगाभ्यास करती छात्राएं। फोटो :हरिभूमि



सोनीपत। शिविर के शुभारंभ मौके पर हवन करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### शिविर में 70 के नेत्र जांचें, 20 का होगा ऑपरेशन

**सोनीपत।** हिन्दू मंच सोनीपत और जिला अन्धता निवारण समिति सोनीपत द्वारा मंगलवार को आंखों का फ्री कैंप सिक्का कॉलोनी स्थित गोसाईं धर्मशाला में लगाया गया। संस्था प्रधान हरिचंद स्नेही की अध्यक्षता में संस्था संरक्षक ललित महेन्द्रू और वीना रानी के विशिष्ट सहयोग से अपनी माता भागवन्ती देवी की पुण्य तिथि और पिता मास्टर ताराचन्द की पुण्य स्मृति में इस शिविर का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम आचार्या सुनीता अरोड़ा के ब्रह्मत्व द्वारा यज्ञ किया गया और प्रशाद वितरित किया गया। नेत्र विशेषज्ञ डॉ. श्रेया द्वारा 70 नेत्र रोगियों की जांच की गई। जिसमें से मोतियाबिंद के 20 मरीजों को 12 जनवरी शुक्रवार को जिला नागरिक अस्पताल सोनीपत में ऑपरेशन के लिए बुलाया गया है। समस्त रोगियों को निःशुल्क दवाइयां प्रदान की गई। नेत्र विशेषज्ञ के साथ उनकी टीम में तकनीकी सहायक गोल्डी तुषीर द्वारा 35 शुगर और तकनीकी सहायक रोहित धनखड़ द्वारा रक्तचाप के 40 रोगियों की जांच की । इस अवसर पर इस अवसर पर नेत्र ज्योति कैम्प में हंसराज वधवा, हरभगवान रहेजा आदि मौजूद रहे।



कांग्रेस नेता संजय आंतिल एडवोकेट कांग्रेस के हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम में संबोधित करते।

### भाजपा सरकार हर कदम पर विफल : संजय आंतिल

**राई।** बीसवां मील स्थित रामनगर कालोनी में मंगलवार को कांग्रेस का हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर कांग्रेस नेता संजय आंतिल एडवोकेट शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते कहा कि भाजपा सरकार प्रत्येक कदम पर विफल हुई है। अब लोगों को जवाब देने की बात आई तो लोगों को आपस में धर्म-जाति के नाम पर बांटकर गुमराह कर रही है। कांग्रेस नेता संजय आंतिल एडवोकेट ने कांग्रेस नीतियों के प्रति प्रेरित करते हुए कहा कि जब कांग्रेस की सरकार थी तो जनता के काम होते थे। महंगाई व बेरोजगारी को कम किया गया था, खेलों की सुविधाओं के लिए बेहतर प्रयास किए थे, लेकिन जब से भाजपा सरकार ने सत्ता संभाली है तभी से प्रदेश प्रत्येक क्षेत्र में बिछड़ गया है। महंगाई व बेरोजगारी ने लोगों को परेशान कर दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार आने पर पहले जैसे विकास कार्य करवाने पर जोर दिया जाएगा और ये तभी संभव है जब सभी एकजुट होकर कांग्रेस की नीतियों के प्रति लोगों को जागरूक करेंगे। इस अवसर पर सुनील, गोपाल, चन्दन, अमर, मास्टर सुरेश, जयप्रकाश, लक्ष्मी देवी, सरीता देवी, रविन्द्र, भोलाराम व सोमपाल आदि मौजूद रहे।

### बार एसोसिएशन में वकीलों ने करवाई स्वास्थ्य जांच

**गन्नौर।** बार एसोसिएशन में नवनियुक्त प्रधान युद्धवीर रापरिया ने नववर्ष के उपलक्ष में स्वास्थ्य जांच सीहोर लगवाया सीवर में 12 एसोसिएशन के करीब 105 सदस्यों ने स्वास्थ्य की जांच करवाई स्वास्थ्य जांच के लिए मेदांता गुरुग्राम अस्पताल से हृदय रोग विशेषज्ञ, एसके तनेजा, वंदन आदि ने स्वास्थ्य की जांच कर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। शिविर की व्यवस्था अस्पताल की तरफ से मैनेजर नवीन डांगी ने संभाली। शिविर का शुभारंभ करते हुए बार एसोसिएशन के प्रधान युद्धवीर ने कहा कि बार एसोसिएशन के उत्थान के लिए वह बेहतर कार्य करेंगे। संगठन के पदाधिकारी ने प्रधान द्वारा लगवाए गए शिवर की सराहना की। शिविर में बार एसोसिएशन के उप प्रधान सुरेश अत्री, सचिव बसंत त्यागी, सहायक सचिव संदीप राठौर, कोषाध्यक्ष मोहन, लाइब्रेरियन दिनेश शर्मा आदि ने व्यवस्था में सहयोग किया।



गन्नौर। बार परिसर में लगे स्वास्थ्य जांच सीहोर में जांच करवाते हुए वकील ।




गन्नौर। सीएमआर अकादमी के चयनित खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए।

### दो खिलाड़ियों का एसजीएफआई में चयन

**गन्नौर।** गन्नौर के गुम्मड गांव में स्थित सीएमआर अकादमी के खिलाड़ियों ने डीएवी नेशनल में दिल्ली की तरफ से खेलते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया । डीएवी स्कूल नरेला की प्रधानाचार्य अनुपम बिंद्रा प्रतियोगिता के दौरान मौजूद थी। सीनियर कोच मुकेश सिंह ने बताया कि पहले मैच में छत्तीसगढ़ से जीतकर अगले चरण में प्रवेश किया फिर झारखंड को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में उड़ीसा को हराकर फाइनल में अपनी जगह बनाई। फाइनल में उत्तर प्रदेश को हराकर गोल्ड मेडल हासिल किया। उन्होंने बताया कि टीम में से एसजीएफआई में सीएमआर अकादमी के दो छात्रों का चयन हुआ। जो 24 से 27 जनवरी तक कर्नाटक में होगी। इसमें 19 साल के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। एसजीएफआई में चयनित होने पर अकादमी के खिलाड़ियों का कोच दलेल सिंह, अध्यक्ष इंदर सिंह पहल, अकादमी की प्रधान सुदेश पहल, सरपंच रविंद्र पहलवान आदी ने ग्रामीणों ने स्वागत किया।

**वाहनों के पंजीकरण के लिए नई श्रृंखला शुरूः** बहादुरगढ़। एसडीएम राहुल मोदी ने बताया कि बहादुरगढ़ कार्यालय में वाहनों के पंजीकरण के लिए नई नंबर श्रृंखला का शुभारंभ 11 जनवरी को सुबह 10 बजे होगा। नंबरों की नई श्रृंखला एच आर-13वी आरंभ की गई है। एसडीएम राहुल मोदी के अनुसार इस नई श्रृंखला में मनपसंद नंबर लेने वालों को सरकार द्वारा निर्धारित राशि की अदायगी करनी होगी।

**सूचना**

मैं, श्रीमती रहीसा विधवा अनिल पुत्र जम्मल निवासी ढिंडार तह. समालखा जिला पानीपत हाल आबाद अगवानपुर रोड गन्नौर, तह. गन्नौर जिला सोनीपत बयान करती हूं कि मेरा पुत्र तालीम मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**न्यायालय श्री हरिओम अत्री जिला राजस्व अधिकारी एवं कलैक्टर सोनीपत।**

**केस नं.**-16/DRO, **तिथि दायरा**-22.09.2023, **तिथि पेशी**-15.01.2024,
**किस्म केस** – मुतनजा, इन्तकाल,
**मौजा**-कालूपुर सोनीपत

1. विनय शर्मा दत्तक पुत्र हरीराम निवासी 118/25 पीपल वाली गली ओल्ड रोहतक रोड़ प्रभू नगर, सोनीपत।

**-फरीक अव्वल**

**बनाम**

1. लक्ष्य (नाबालिक) पुत्र अरुण कुमार, निवासी मकान 613/4 जमालपुरा सोनीपत।
2. अस्मित (नाबालिग) पुत्र श्री तरूण कुमार गांव-भूररी तहसील गन्नौर, जिला सोनीपत।

**-फरीक दोयमगण**

**मुतनाजा इंतकाल नं. 13991 मौजा कालुपूर, सोनीपत।**

**क्रमांक /आर. दिनांक**
**नोटिस**

उपरोक्त मुकदमा अनुवान बाला में फरीकदोयमगण आम जनता को सूचित किया जाता है कि इंतकाल नं. 13991 मौजा कालुपूर, सोनीपत मेरे न्यायालय में मुतनाजा होकर फैसला हेतु आया है। आम जनता को इस बारे कोई उजर या एतराज है तो दिनांक 15-01-2024 तक असालतन या वकालतन हाजिर आकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई आवेगी।

**हस्ता/-**
**कलैक्टर, सोनीपत।**

## बाबा अमृत नाथ की 41 दिन की जलधारा तपस्या के समापन पर भंडारा

# साधु-संतों की तपस्या से सुख-समृद्धिः देवेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गन्नौर

गांव तेवड़ी स्थित बाबा होक्मी नाथ डेरा के संचालक बाबा अमृत नाथ ने पांच गांव के संयुक्त तत्वाधान में 41 दिन तक कड़कड़ाती सर्दी में 108 मटकों के ठंडे पानी से जलधारा तपस्या संपन्न की। मंगलवार को जलधारा तपस्या के समापन पर डेरे में हवन यज्ञ कर विशाल भंडारा लगाया गया। जिसमें काफी तादाद में श्रद्धालुओं ने बाबा अमृत नाथ से आशीर्वाद लेने के साथ ही प्रसाद ग्रहण किया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी संस्थापक एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने शिरकत की। उन्होंने हवन में आहुति देकर क्षेत्र में सुख-समृद्धि की कामना कर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। कादियान ने कहा कि साधु-संत अगर सच्चे मन से तपस्या करते है तो क्षेत्र में सुख-समृद्धि एवं शांति प्राप्त होती है। ऋषि-मुनि प्राचीन काल से ही तप व जलधारा तथा अन्य तपस्याएं करके समाज कल्याण के लिए बड़े-बड़े कष्ट उठा चुके है। तब जाकर भगवान ने ऐसे महान संतों को वचन देकर समाज में शांति एवं समृद्ध लाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। उन्होंने कहा कि धार्मिक कार्यक्रमों से मन को जहां शंति मिलती है वहीं सच्चे मार्ग पर चलने कर प्रेरणा भी मिलती है। इससे पूर्व कार्यक्रम में पहुंचे मुख्यातिथि देवेंद्र कादियान का आयोजकों ने फूलमाला से स्वागत किया और उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कादियान ने कहा कि वर्तमान समय में युवा पीढ़ी अपनी राह से भटक रहा है। इस परिस्थिति में गांव-गांव में धार्मिक आयोजन होने से उनमें सुधार हो सकता है। इसके लिए युवाओं को प्रेरित करने का प्रयास किया जाना चाहिए। इस अवसर पर रघुबीर, होशियार सिंह, राजेंद्र सिंह, राजबीर, संदीप, अमित कुमार, महावीर, राजेश आदि मौजूद रहे।



समाजसेवी देवेंद्र कादियान बाबा होक्मी नाथ डेरा के संचालक बाबा अमृत नाथ स्मृति चिन्ह देते हुए ।

### नियमों का उल्लंघन कर दुकान निर्माण का आरोप



**गन्नौर।** रेलवे रोड पर दुकान निर्माण के दौरान नियमों का उल्लंघन करने पर एक व्यक्ति ने दुकानदार के खिलाफ सीएम विंडो पर शिकायत दी है। शिकायतकर्ता दलबीर चंद जैन ने बताया कि 2 नवंबर को एनजीटी द्वारा निर्माण कार्य व तोड़फोड़ के कार्यों पर रोक लगा दी थी। इसके बावजूद गन्नौर शहर में एनजीटी के आदेशों की धज्जियां उड़ाई गई। उन्होंने बताया कि रेलवे रोड पर एक मेडिकल स्टोर, बूट हाउस व जनरल स्टोर द्वारा आदेशों के बावजूद दुकानों का निर्माण किया जाता रहा। अब भी दुकानों का निर्माण किया जा रहा है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि बिना अनुमति लिए बेसमेंट बनाई गई है, 5-6 फुट तक छज्जे बाहर निकले हुए हैं। बगैर नक्शा पास करवाए दुकान का निर्माण किया जा रहा है। नगरपालिका द्वारा इन दुकानदारों को नोटिस भी जारी किए गए, लेकिन फिर भी उन्होंने दुकान निर्माण कार्य बंद नहीं किया। दलबीर चंद जैन ने बताया कि शहर के एक राजनीतिक पहुंच वाले व्यक्ति से उन्हें राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है। शिकायत करने पर पुलिस द्वारा भी उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने इसकी शिकायत पर एसडीएम से भी की थी, लेकिन कोई हल नहीं निकला। उन्होंने मुख्यमंत्री से मामले में कड़ी कार्रवाई करवाने की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### स्व. राज सिंह मान की स्मृति में 14 को रक्तदान



**गोहाना।** गोहाना-खरखौदा मार्ग पर स्थित मान इंटरनेशनल स्कूल में 14 जनवरी को रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। यह वार्षिक रक्तदान शिविर इस स्कूल के संस्थापक स्व. राज सिंह मान की स्मृति में उनकी पुण्यतिथि पर सम्पन्न होगा। शिविर की अध्यक्षता स्कूल के चेयरमैन दीपक मान करेंगे और संयोजन प्राचार्या मंजू मान का रहेगा। शिविर का शुभारंभ प्रातः 10:30 बजे होगा।

### क्रेडिट कार्ड से किया गया लेन-देन

**गोहाना।** गांव माहरा की एक महिला के दस्तावेजों का गलत इस्तेमाल करके बैंक अधिकारियों ने उसके नाम पर क्रेडिट कार्ड बनवा लिया। इसके बाद उसके क्रेडिट कार्ड से लेन-देन किया गया। अब उसके क्रेडिट कार्ड में रुपये जमा नहीं करवाए जा रहे हैं। महिला ने डीसीपी को शिकायत दी। बरोदा थाना में मामला दर्ज किया गया। गांव माहरा की रौनक एक बैंक में नौकरी करती है।

### वाहन छीनने में शामिल आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत।** राई थाना क्षेत्र में पिस्तौल के बल पर मोटरसाइकिल छीनने की वारदात में शामिल आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार किा है। गिरफ्तार आरोपित ओमसागर उर्फ चीता निवासी गोयला खेहा पानीपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस ने वारदात में शामिल चार आरोपितों को पहले काबू कर लिया था। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

### सर्दी से बचने के लिए जरूरतमंदों में बांटे कंबल


**गोहाना।** मंगलवार को गोहाना क्षेत्र के दो और महम क्षेत्र के एक दिवंगत नागरिक की संयुक्त स्मृति में जरूरतमंद ग्रामीणों में कंबल वितरित किए गए। यह कंबल वितरण समारोह गढ़ी सराय नामदार खां गांव की डॉ. अंबेडकर चौपाल में हुआ। कंबल वितरण हरियाणा अंबेडकर संघर्ष समिति के संस्थापक स्व. मास्टर बलवंत नरवाल के साथ आई.टी.आई. के अनुदेशक स्व. जितेंद्र दांगी, महम की सरस्वती मित्तल पत्नी विजय मित्तल की स्मृति में हुआ।

## डीसी के पास भेजे हैं प्रपोजल, विकास को लेकर हो सकती है समस्या

# नौ कालोनियों पर हुआ बंटवारा विकास पर रहेगी नजर, कवायद तेज

- 9 कालोनियां जिनका कुछ हिस्सा निकाय के क्षेत्र में तो कुछ बाहर
- शहरी निकाय और जिला नगर योजनाकार भेज रहा है कालोनियों के पक्का करने के प्रपोजल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। सेक्टर 15 स्थित जिला नगर योजनाकार कार्यालय। *फोटो : हरिभूमि*

प्रदेश की मनोहर सरकार ने अगस्त माह में प्रदेश की अवैध कॉलोनियों को वैध करने का कार्य शुरू किया था। इसी कड़ी में सोनीपत जिले की भी कुल 50 कॉलोनी वैध हो चुकी हैं। जिले भर में कुल 209 कॉलोनियों को वैध करने के लिये चिन्हित किया जा चुका है। इन कॉलोनियों के प्रपोजल क्षेत्र के हिसाब से शहरी स्थानीय निकाय या जिला नगर योजनाकर तैयार करता है। इनमें से 9 कॉलोनियां ऐसी चिन्हित की गई हैं, जिनका कुछ हिस्सा शहरी स्थानीय निकाय के तहत आता है, वहीं कुछ हिस्सा निकाय क्षेत्र से बाहर आता हैं। ऐसी 9 कॉलोनियों के प्रपोजल तैयार कर दिए गए हैं, जिनमें से 6 कॉलोनियों के प्रपोजल को जिला स्तरीय कमेटी ने पास भी कर दिया है। आने वाले समय में इन कॉलोनियों को वैध तो घोषित कर दिया जाएगा, लेकिन सबसे बड़ी समस्या यहां विकास कार्य करवाने को लेकर आएगी। निकाय क्षेत्र के बाहर की कॉलोनियों के विकास को लेकर एचएसवीपी को जिम्मेदारी दी गई हैं। लेकिन ऐसी कॉलोनियां जिनका कुछ हिस्सा बाहर है, वहां पर विकास की जिम्मेदारी अभी तक तय नहीं की गई है। ऐसे में जिले की इन 9 कॉलोनियां के लोगों को विकास को लेकर जद्दोजहद करनी पड़ सकती है।

### *209 होनी थी वैध, 50 हो चुकी हैं*

*प्रदेश सरकार ने 17 अगस्त को अवैध कॉलोनियों को वैध किया था। प्रदेश भर में 450 में से सोनीपत जिले की भी 35 कॉलोनियां वैध हुई थी। उस समय सोनीपत जिले से कुल 97 कॉलोनियों को वैध करने के लिए प्रपोजल तैयार किया गया था, लेकिन शहरी स्थानीय निकायों की 62 कॉलोनियों के प्रपोजल को उच्चतर विभाग के पास भेजा ही नहीं गया था। वहीं 35 कॉलोनियां स्थानीय निकायों से बाहर के क्षेत्रों की थी। 35 कॉलोनियां अपूरव हो गई थी और इनके नियमित करने की घोषणा कर दी गई थी। इसके बाद फिर से कॉलोनियां वैध की गई, इस तरह से जिले में कुल 50 कॉलोनियों को वैध किया जा चुका है। बता दें कि जिले से कुल 209 कॉलोनियों को नियमित करवाने के लिये चिन्हित किया गया था। इसमें से 130 कॉलोनियां शहरी स्थानीय निकाय क्षेत्रों की है और 79 इसके बाहर के क्षेत्र की हैं।*

### विकास को लेकर सबसे बड़ी समस्या

इन 9 कॉलोनियों में विकास सबसे बड़ी समस्या बन सकता है। क्योंकि निकाय क्षेत्र में आने वाली कॉलोनियों में विकास निकाय के जिम्मे रहेगा, बाहर आने वाली कॉलोनियों का विकास एचएसवीपी करवाएगा। जबकि इन 9 कॉलोनियों में विकास कार्यों को लेकर किसी तरह के निर्देश नहीं दिए गए हैं। अगर इन कॉलोनियों के निकाय क्षेत्र के बाहर रहने वाले हिस्से में एचएसवीपी ही विकास कार्य करवाएगा तो भी समस्या बन सकती है। क्योंकि नगर निगम और एचएसवीपी की सड़कों, सीवर और पानी को लेकर तकनीक अलग-अलग हैं। ऐसे में विकास कार्यों में फर्क भी आसानी से दिख जाएगा। 9 कॉलोनियां निकाय क्षेत्र के बाहर और अंदर में बंटी हुई हैं। उसमें सबसे अधिक कॉलोनियां कुंडली नगर पालिका क्षेत्र की हैं। इस क्षेत्र की कुल 4 कॉलोनियों का कुछ हिस्सा निकाय क्षेत्र में हैं तो कुछ बाहर। इसी श्रेणी में दूसरे नंबर पर गोहाना नगर परिषद है, जिसकी तीन कॉलोनियां इस लिस्ट में हैं। वहीं सोनीपत नगर निगम और खरखौदा नगर पालिका की 1-1 कॉलोनी इस लिस्ट में मौजूद हैं।

### ये हैं वो 9 कॉलोनियां

| कॉलोनी नंबर | राजस्व क्षेत्र | कुल क्षेत्र (एकड़ में) |
|---|---|---|
| एसएनपी-10 | बाजिदपुर सबौली | 7.33 |
| एसएनपी-11 | बाजिदपुर सबौली | 15.51 |
| एसएनपी-35 | बैयांपुर | 5.04 |
| एसएनपी-34 | नाहरी | 32.65 |
| एसएनपी-49 | हरसाना कलां | 8.09 |
| जीओएच-6 | गोहाना | 11.66 |
| जीओएच-8 | गोहाना | 7.29 |
| जीओएच-10 | गोहाना | 0.67 |
| केएचडी-19 | खरखौदा | 7.35 |

### बोले अधिकारी

9 कॉलोनियों के प्रपोजल तैयार किए गए हैं, इनका कुछ हिस्सा शहरी स्थानीय निकाय के तहत आता है और बाकि का हिस्सा बाहर है। बाहर के हिस्से के प्रपोजल हमने तैयार किए हैं। जिला स्तरीय कमेटी द्वारा प्रपोजल पास होने के बाद चंडीगढ़ भेजे जाएंगें।
**नरेश कुमार, डीटीपी, सोनीपत**

# जारी रही पटवारियों और कानूनगो की हड़ताल



सोनीपत। पटवारियों की मांगों को समर्थन देते हुए जिला पार्षद संजय बड़वासनिया।

- तहसील परिसर में पहुंचें लोगों को खाली हाथ वापस लौटना पड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

पटवारियों व कानूनगों की हड़ताल मंगलवार को पांचवें दिन भी जारी रही। जिसके कारण तहसील कार्यालय में कामकाज पर प्रभाव पड़ा रहा। इसी वजह से लोग भी अपने कामों को लेकर इधर-उधर भटकते दिखाई दिए।तहसील परिसर में पहुंचें लोगों को खाली हाथ वापस लौटना पड़ा। वहीं पटवारियों के लघु सचिवालय के सामने धरना स्थल पर जारी धरने को जिला पार्षद संजय बड़वासनिया ने समर्थन दिया। संजय बड़वासनिया ने कहा कि पे-ग्रेड बढ़ाने व अन्य मांगें जायज हैं, सरकार को तुरंत संज्ञान लेना चाहिये। बता दें कि दि रेवेन्यू पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन हरियाणा के आह्वान पर जिले में 79 पटवारी व 20 कानूनगो हड़ताल पर है। पटवारखाने में जमीन से संबंधित काम कराने आए लोगों को बिना काम करवाए वापस घर लौटना पड़ रहा है। जमीन पैमाइश, भूमि रिकॉर्ड, फसलों का सत्यापन आदि के कार्य नहीं हुए। जिला प्रधान सन्नी दहिया ने बताया कि वर्ष 2018 में पटवारियों की भर्ती हुई थी, उसके बाद कोई भर्ती नहीं हो सकी।

### पांच दिन में 45 हजार फाइलें अटकी

कानूनगो व पटवारियों की हड़ताल के चलते पांच दिनों से कामकाज प्रभावित हैं। तहसील कार्यालय में केवल रजिस्ट्री से संबंधित काम ही हो पा रहा है। इसके अलावा इंतकाल, फर्द, वसीयतनामा, नक्शे, जाति-आय या रिहायशी प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहे हैं। इसके अलावा फसल सत्यापन और जमीन की पैमाइश संबंधी कार्य भी प्रभावित हुए। इन सभी तरहों की लगभग 45 हजार फाइलें अटकी हुई हैं।

### सरकार को माननी चाहिए मांगें

लघु सचिवालय के सामने धरने पर बैठे पटवारी व कानूनगो की मांगों को जिला पार्षद संजय बड़वसनिया ने समर्थन दिया है। जिला पार्षद संजय बड़वासनिया ने कहा कि पटवारों की मांगे जायज हैं सरकार को मांगों को मान लेना चाहिए।

# शहर में बढ़ रही चोरी की वारदातें, जायजा लेने पहुंचे भाजपा नेता राजीव जैन

- राजीव जैन ने सेक्टर 15 हाउसिंग बोर्ड में सुशील के घर से लाखों रुपए के चोरी हुए गहनों की घटना की जानकारी ली

हरिभूमि न्यूज. सोनीपत



सोनीपत। चोरी के बाद घटनास्थल पर पहुंचें भाजपा नेता जानकारी लेते हुए।

शहर में चोरियों की बढ़ती वारदातों से आम आदमी चिंतित एवं परेशान हैं, पिछले दो दिनों से हो रही चोरियों की घटना बारे जानकारी लेने मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं भाजपा नेता राजीव जैन पीड़ितों के पास पहुंचे और वारदातों को जल्द सुलझाने के साथ-साथ पुलिस गश्त बढ़वाने का भी आश्वासन दिया। राजीव जैन को शांति विहार निवासी मंजीत दहिया ने बताया कि वह मकान का निर्माण कर रहे हैं और बिजली की फिटिंग के लिए बिजली की तारें मंगवाई थी जो सोमवार की रात चोर उठाकर ले गए जिसकी कीमत 2 लाख रुपए के लगभग है। चोर सीसीटीवी कैमरे में तारों के बंडल ले जाते हुए साफ दिखाई दे रहे हैं। कबीरपुर रोड पर सिथत कबाड़ी की दुकान चला रहे राजेंद्र नगर वासी बीरु सिंह ने बताया कि पिछले 15 दिनों में दो बार चोरी हो चुकी है, दोनों बार दुकान के पीछे का दरवाजा तोडा गया है, उन्होंने बताया कि एक बार तो थाना सिविल लाइन पुलिस के कर्मचारी कुछ सामान देकर गए थे परन्तु चोर नहीं पकड़ा गया है। राजीव जैन ने सेक्टर 15 हाउसिंग बोर्ड में सुशील के घर से लाखों रुपए के चोरी हुए गहनों की घटना की जानकारी ली। राजीव जैन मंडी फ्लाईओवर के नीचे सुरेंद्र बुक डिपो की दुकान पर भी पहुंचे और उन्होंने सभी दुकानदारों से ठण्ड के मौसम को देखते हुए मार्किट में चौकीदारों की व्यवस्था करने की अपील की।

# अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना लक्ष्य : सुशीला

- ब्लॉक समिति चेयरपर्सन सुशीला शर्मा ने गांव गंगेसर तथा अहमदपुर माजरा में जनसंवाद कार्यक्रम का शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



मातृत्व वंदना योजना के तहत महिलाओं को पोषक आहार देते हुए चेयरपर्सन सुशीला शर्मा।

केन्द्र व हरियाणा सरकार की योजनाओं को पात्र लोगों को उनके घर द्वार पर योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा मंगलवार को गोहाना क्षेत्र के गांव गंगेसर, अहमदपुर, जौली तथा कैलाना खास पहुंची। गांव गंगेसर तथा अहमदपुर माजरा में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि मुण्डलाना ब्लॉक की चेयरपर्सन सुशीला शर्मा ने किया। चेयरपर्सन सुशीला शर्मा ने कहा कि यात्रा का उद्देश्य पंक्ति के अंतिम पात्र व्यक्ति तक उनके घर पर ही योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे कार्यक्रम के दौरान उपलब्ध स्टालों पर योजनाओं की जानकारी अवश्य लें, साथ ही अपने परिवारजनों, पड़ोसी और मित्रगण को भी सूचित करें। चेयरपर्सन ने उज्ज्वला योजना के तहत पात्र महिलाओं को गैस सिलेंडर तथा गैस चूल्हे, आयुष्मान भारत योजना के तहत आयुष्मान कार्ड, चिरायु कार्ड आदि का लाभ पात्रों को दि जा रहा है।

## राष्ट्रीय स्तर पर छाए बॉक्सर्स, जीते 5 पदक, मिला सम्मान



**सोनीपत।** महाराष्ट्र के अकोला शहर में 23 दिसंबर से 29 दिसंबर तक 67वीं स्कूल नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप का आयोजन हुआ जिसमें लिटल एंजल्स बॉक्सिंग एकेडमी, सोनीपत के बॉक्सरों ने 5 पदक जीते। जिसमें अंडर 17 आयु वर्ग के 54 किलो भार वर्ग में जतिन सिघरोहा ने अंडर 19 आयु वर्ग के 75 किलो भार में व रौनक छिक्कारा ने स्वर्ण पदक जीते। अंडर 17 आयु वर्ग के 52 किलो भार वर्ग में हर्षित शर्मा ने 70 किलो भार वर्ग में यश राणा ने व 75 किलो भार वर्ग में वैदिक तोमर ने कांस्य पदक प्राप्त किए। बॉक्सिंग कोच रोहतास कुमार ने बताया हैं कि इस प्रतियोगिता में पूरे देश के सभी स्कूलों के तीनों आयु वर्ग से 1100 से अधिक बॉक्सर्स ने भाग लिया। विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग व प्रधानाचार्या आशा गोयल ने सभी बॉक्सरों को बधाई दी और उनको भविष्य में ओर भी बेहतर खेल प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 8295154800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

### गिरते भू-जल स्तर को रोकने के लिए करें विशेष प्रबंधन : डीसी

**सोनीपत।** उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि जिला में भू-जल स्तर लागतार गिरता जा रहा है जो आने वाले समय के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी गिरते भू-जलस्तर को रोकने के लिए विशेष प्रबंध करें। उपायुक्त ने मंगलवार को कैंप कार्यालय में वाटर ट्रीटमेंट को लेकर संबंधित अधिकारियों की बैठक ली और उन्हें उचित दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि गंदे पानी का ट्रीटमेंट कर इस जल का प्रयोग किसान खेती में भी कर सकते हैं इससे खेती पर कोई बुरा प्रभाव नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए एक रूपरेखा तैयार करें अगर कहीं पाईप लाईन बिछाने की जरूरत पड़े तो वहां पाईप लाईन बिछाकर इस पानी को खेतों तक पहुंचाने का प्रबंध करें। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि वे गांवों में किसानों को जल संरक्षण को लेकर जागरूक करें ताकि वे बेवजह अधिक जल का प्रयोग न करें। उपायुक्त ने कहा कि जिला में 30 एमएलडी वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट के बाद ड्रेन में न डाले।

### एसबीआई ने वितरित किए जूते व स्कूल ड्रेस

**गोहाना।** गांव निमाजपुर के राजकीय प्राथमिक विद्यालय में मंगलवार को एसबीआई की गोहाना शाखा द्वारा बच्चों में शीतकालीन स्कूल ड्रेस और जूते वितरित किए गए। 95 बच्चों को स्कूल ड्रेस और जूते दिए गए। मुख्य अतिथि एसबीआई के क्षेत्रीय प्रबंधक सुनील कुमार रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को बैंकिंग क्षेत्र में अपना भविष्य बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि बैंकिंग क्षेत्र की नौकरी के लिए किसी तरह की पढ़ाई की जाए और कैसे तैयारी की जाए। उन्होंने बच्चों अनुशासन में रहने और जीवन में लक्ष्य निर्धारित करके आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर जिला शाखा की मुख्य प्रबंधक अपर्णा भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

# चोरी की वारदात में शामिल आरोपी गिरफ्तार, अदालत में किया पेश

हरिभूमि न्यूज. सोनीपत

- पुलिस ने आरोपित सहित अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज



गिरफ्तार आरोपित पुलिस टीम के साथ।

कुंडली थाना पुलिस ने चोरी की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित नरेश उर्फ नेश निवासी पावसरा का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

गांव मनौली निवासी धर्मबीर ने गत 19 जनवरी 2023 को शिकायत देकर बताया था किसी ने गांव में सरकार की तरफ से लगाई गई सोलर लाइटों की बैटरी चोरी कर ली। वहीं एक युवक को पुलिस ने सोलर बैटरी चोरी करते हुए पकड़ लिया था। आरोपित को पुलिस के हवाले किया। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित सहित अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस टीम ने वारदात में शामिल दो आरोपितों को पहले काबू कर लिया था। सिपाही दीपक कुमार की टीम ने वारदात में शामिल तीसरे आरोपित को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### भूतपूर्व सैनिक संगठन 14 को मनाएगा 76वां सेना दिवस

**गन्नौर।** भूतपूर्व सैनिक संगठन के पदाधिकारियों ने मंगलवार को क्षेत्र के विभिन्न गांवो का दौरा कर भूतपूर्व सैनिकों व वीरांगनाओं को सेना दिवस में पहुंचने का न्यौता दिया। संगठन के अध्यक्ष ओमप्रकाश मलिक ने बताया कि भूपपूर्व सैनिक संगठन द्वारा 14 जनवरी को बादशाही रोड स्थित दीवान गार्डन में 76वां सेना दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान पूर्व सैनिकों के अलावा, शहीद हुए सैनिकों की विरागंनाओं को भी सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भूतपूर्व सैनिक संगठन व उनके परिवार के लोग भाग लेंगे।

## दिल्ली में हुए 67वें नेशनल स्कूल गेम्स में मिली सफलता

# पांच बॉक्सरों को हराकर चैंपियन बनीं सिनायु

- हिंद केसरी पहलवान पिता सरवर एफसी गुलिया बनाना चाहते थे बेटी सिनायु को पहलवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। कोच जयहिंद के साथ सिनायु गुलिया। *फोटो : हरिभूमि*

सोनीपत के पुरखास गांव की बाक्सर सिनायु गुलिया (17) ने 69 किलोग्राम में देश के पांच बाक्सरों को हराकर 67वीं नेशनल स्कूल गेम्स में स्वर्ण पदक जीता। यह प्रतियोगिता 3 से 8 जनवरी दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में हुई। इससे पहले भी सिनायु राज्य स्तरीय बाक्सिंग प्रतियोगिता में तीन स्वर्ण पदक जीत चुकी है। चंडीगढ़ के सेक्टर-8 स्थित डीएवी लाहौर स्कूल की 11वीं कक्षा की छात्रा सिनायु हाल पता सेक्टर-56 चंडीगढ़ ने अपनी सफलता का श्रेय बाक्सिंग कोच डाक्टर भगवंत मान और कोच जयहिंद, हिंद केसरी पहलवान पिता सरवर गुलिया और मां पिंकी रमन गुलिया को दिया है। सिनायु ने बताया कि उनके पिता सरवर पंजाब पुलिस में इंस्पेक्टर है। पिता का सपना था कि वे ओलिंपिक में देश के लिए कुश्ती में पदक जीते। चार वर्ष पहले पिता ने चंडीगढ़ में उसका कुश्ती का अभ्यास कराया। कोरोना के दौरान कुश्ती की कोचिंग बंद हो गई। अभ्यास बंद होने के कारण उसका वजन 75 किलोग्राम में गया था। तभी फुफेरे भाई अंतरराष्ट्रीय पहलवान नरेंद्र गुलिया उर्फ धौला उसे चंडीगढ़ के सेक्टर-56 स्थित स्पोटर्स कांप्लेक्स में बाक्सिंग कोच डाक्टर भगवंत मान व जयहिंद के पास ले गया। दोनों कोचों ने उसे बाक्सिंग का कड़ा अभ्यास कराया और अब सफलता मिली। सिनायु का कहना है कि वह बाक्सिंग में ओलिंपिक में पदक जीतकर पिता के सपने का पूरा करेगी।